ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष-2, अंक-304, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 2

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 14

# नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

## पुलिस ट्रक को उड़ाया

- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान
- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी से किया गया धमाका

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।



शैलेंद्र

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

**रायपुर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

## इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

# आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

## एक नजर

### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

**नई दिल्ली।** धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

### बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया था।

# नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

## पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

**कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा :** नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

### बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार



सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

**नवादा।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को यहां बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। जहां टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने मारपीट किया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

### एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

### एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ


**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

# संसद सत्र आज से, प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में



- नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति ने शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

### इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री मोदी संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- पीएम मोदी संसद में अपनी कैबिनेट सदस्यों का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

### नीट और यूजीसी नेट मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है। ये कानून तब पारित किए गए थे, जब रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया था।

# बिधनू में ट्राले से भिड़ंत में पिकअप चालक और क्लीनर जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, विधनू/ कानपुर

**अमृत विचार :** बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब 20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई। लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था। दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।



- शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा

# मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।



- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

# प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार

**होलेनरासीपुर (हासन)।** कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।



# बिहार में एक और पुल गिरा तोड़फोड़ की आशंका

मोतिहारी, एजेंसी

बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में निर्माणाधीन पुल ढह गया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के तुरंत बाद ढह गया। यह घटना एक स्पैन की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ढाका में तैनात ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।



- ग्रामीणों ने कहा-घटिया सामग्री के इस्तेमाल से ढहा पुल

# जुलाई से क्रियाशील होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

## 660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।



- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

### बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।

# ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

### एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।



# टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

## हमारे हर खिलाड़ी परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं



एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

### शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

**ग्रोस आइलेट।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।



- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

## मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव

**ग्रोस आइलेट, एसेंसी।** कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं, उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था।

वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिये लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिये काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी-20 विश्व कप में भी।

## खेल डायरी

### नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

### भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान : पीटी उषा

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

### भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

### रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लेकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

# अमेरिका की टीम 115 रन पर ढेर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके।

सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में मार्क वुड की जगह क्रिस जोर्डन को शामिल किया है। अमेरिका ने पिछले मैच में खेलने वाली अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया।



आदिल रशीद

## भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा करके रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की हौसला अफजाई करेंगे। रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ चरण के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आये थे।

उन्होंने कहा कि भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है।

# भारत ने किया अफ्रीका का सूपड़ा साफ

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा।

वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले।

अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पूनिया ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाने के बाद भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। वह खाका की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटी। पूनिया ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना शानदार चौके लगाकर तेजी से लगातार तीसरे शतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन म्लाबा (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट को फाइन लेग पर खड़ी पर खाका के हाथों में खेल गयी। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 19) जीत की औपचारिकता पूरी करने वाली थी तभी भारतीय कप्तान रन आउट हो गयी। रिचा घोष ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वोलवार्ट और ब्रिट्स को भारतीय गेंदबाजों के सामने कोई परेशानी नहीं हुई।



स्मृति मंधाना

### तीन मैचों की श्रृंखला

- मंधाना शतक से चूकी, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति | 61 | 57 | 7/0 |
| तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा) | 38 | 66 | 2/1 |
| मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल | 07 | 20 | 0/0 |
| एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति | 05 | 09 | 1/0 |
| सुने लूस बो वस्त्राकर | 13 | 23 | 1/0 |
| नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति | 26 | 46 | 2/0 |
| नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष) | 16 | 29 | 2/0 |
| मेइके डि रिडर नाबाद | 26 | 31 | 2/0 |
| नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति | 00 | 01 | 0/0 |
| तुमी सेखुकुने नाबाद | 06 | 18 | 0/0 |

अतिरिक्त -17 रन, विकेट पतन : 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

गेंदबाज : श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

| भारत 220/4 (40.4ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा | 90 | 83 | 11/0 |
| शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने | 25 | 39 | 4/0 |
| प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका | 28 | 40 | 3/1 |
| हरमनप्रीत रन आउट | 42 | 48 | 2/0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 19 | 31 | 1/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 06 | 03 | 0/1 |

अतिरिक्त- 10 रन, विकेट पतन : 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

गेंदबाज : खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

### वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

| खिलाड़ी | बनाम | वर्ष | रन |
|---|---|---|---|
| स्मृति | द. अफ्रीका | 2024 | 342 |
| जया शर्मा | न्यूजीलैंड | 2003 | 309 |
| मिताली | ऑस्ट्रेलिया | 2004 | 289 |
| मिताली | इंग्लैंड | 2010 | 287 |
| पूनम | द. अफ्रीका | 2021 | 263 |

# ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत



ऑस्ट्रेलिया पर जीत मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

किंग्सटाउन, एजेंसी

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया है वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर अफगानिस्तान, बंगलादेश को हरा देता हैं और भारत, ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच जायेगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी करते हुए पारी की शानदार शुरुआत की। 16वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने रहमानउल्लाह गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमानउल्लाह गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इसके बाद 17वें ओवर में एडम जम्पा ने अजमतउल्लाह उमरजई (2) को आउट कर दूसरी और इसी ओवर की आखिर गेंद पर इब्राहिम जदरान को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली।

### टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक
- गुलबदीन नईब ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर दिए 20 रन

**60** रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

**51** रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.814 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.412 |
| अमेरिका | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.908 |

### जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

**यूरो कप** | बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

# बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।



बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकत हुए।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

# विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

**टीमें : दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**मैच का समय : सुबह छह बजे से।**


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है। मौसम में उमस बढ़ेगी।

38.7⁰ अधिकतम तापमान | 30.1⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 :00

# तुलसीतीर्थ के विकास में नहीं छोड़ेंगे कसर, मुख्यमंत्री को भेजेंगे पत्र

## व्यापारियों व बुद्धिजीवियों ने बनाई रूपरेखा, तुलसीदास की जन्मस्थली की उपेक्षा का आरोप

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के विकास के लिए व्यापारियों ने कमर कसी है। रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और अन्य गणमान्य लोगों की बैठक में विकास की रूपरेखा बनाई गई। सबने एकमत से कहा कि इस तीर्थक्षेत्र के विकास के लिए वे कोई कोरकसर नहीं छोड़ेंगे।

धीरेंद्र इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आजादी में गोस्वामी तुलसीदास जी की रचनाओं की अहम् भूमिका थी। रामचरितमानस में लिखी चौपाई, करि बिचारि देखौ मन माहीं, पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं ने आजादी के दीवानों में जोश भर दिया था। तुलसी की जन्मस्थली की उपेक्षा आजादी से लेकर आज तक होती रही।

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने बताया कि आगरा के साथ राजापुर को 14अगस्त 1860 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने नगर पंचायत का दर्जा दिया पर राजापुर का विकास अभी तक नहीं हुआ। सरकारें तुलसी जन्मस्थली की उपेक्षा करती रहीं।

बैठक में राजापुर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सड़कों के साथ साथ जल निकासी की व्यवस्था की आवश्यकता बताई गई। तुलसी शोध संस्थान की स्थापना पर भी चर्चा हुई। लोगों का कहना था कि अगर यहां खंड विकास कार्यालय बन जाए तो काफी सहूलियत होगी। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सड़क राज्य परिवहन के एमडी से कई बार पत्राचार कर रोडवेज बसों की आवाजाही तुलसीतीर्थ तक करने की बात कही गई पर अनसुना किया गया। तय किया गया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बिंदुवार योजनाओं का पत्र भेजा जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनसे मिला भी जाएगा।

बैठक में सुभाषचंद्र अग्रवाल, अनिल गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, भरतलाल जायसवाल, साकेत प्रजापति, अनिल जायसवाल, राहुल मिश्रा, जुगराज केशरवानी, उमेश सोनी, सुंदरलाल अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि, वेद केशरवानी आदि व्यापारी व नागरिक मौजूद रहे।



राजापुर के विकास को लेकर बैठक करते व्यापारी और बुद्धिजीवी। अमृत विचार

**संकटमोचन मंदिर के अस्तित्व पर संकट**

- लोगों ने कहा कि चंदन से निर्मित संकटमोचन मंदिर विलुप्त होने की कगार पर है। कटान रोकने के लिए पिचिंग कराने की मांग की जा रही है। इससे हनुमान मंदिर तुलसी वाटिका से लेकर रामघाट, तुलसी घाट, बाबा घाट का अस्तित्व बचा रह सकता है।

**कोई पर्यटक भवन तक नहीं**

- बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि जिस क्षेत्र में पुरातन काल की इतनी धरोहर हो, वहां कोई पर्यटक भवन नहीं है। ऐसे में पर्यटक आने के बाद असुविधा का सामना करते हैं और वापस जाने पर यहां के प्रति उनके मन में अच्छी तस्वीर नहीं रहती।

## नशे में डेढ़ साल की भांजी के साथ दरिंदगी

**मऊ (चित्रकूट)।** शराब के नशे में एक युवक ने होश खो दिए। उसने रिश्ते में भांजी डेढ़ वर्ष की बच्ची के साथ दरिंदगी की हदें पार कर दीं। बच्ची के चिल्लाने पर लोग दौड़े तो वह भाग गया। बच्ची के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की ली गई है।

रिश्तों को तारतार करने और समाज की गिरती मर्यादा की तस्दीक करती यह घिनौनी घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां के निवासी ग्रामीण ने बताया कि उसके नौ बच्चे हैं। पत्नी की एक साल पहले मौत हो चुकी है। वह रविवार को अपने बेटे की शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने गया था। इसी दौरान उसकी ससुराल से उसका मुंहबोला साला दोपहर को घर पहुंचा। वह शराब के नशे में था। ग्रामीण के अनुसार, वह उसकी लगभग डेढ़ साल की बच्ची को बहलाकर अपने साथ ले गया और एक नाले में उसके साथ दरिंदगी की। जब बच्ची चीखने चिल्लाने लगी तो आसपास से लोग दौड़कर वहां पहुंचे। तब तक आरोपी भाग चुका था। बताया जाता है कि आरोपी तीन बच्चों का पिता है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सपा की जिला इकाई में भी नहीं है सबकुछ ठीक-ठाक

- चुनाव में जीत के आवरण ने ढक दिया बहुत कुछ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** किसी शायर का शेर है, हाथ आई हुई बाजी पे बहुत नाज न कर, जीतने वाले तेरी हार भी हो सकती है...। यह शेर समाजवादी पार्टी की जिला इकाई पर सटीक बैठता है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने और जिले में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद सपाइयों के हौसले बुलंद हैं। पर इस जीत ने जिला इकाई की उन खामियों पर पर्दा डाल दिया, जो परिणाम उल्टा होने पर नजर आतीं।

भाजपा की जिला इकाई में आत्ममंथन का दौर जारी है। पार्टी के नेता और बाहर से आने वाले संगठन के प्रतिनिधि इस बात पर मंथन करने में जुटे हैं कि चित्रकूट, जो कभी भाजपा का गढ़ सा बन गया था, में भाजपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई। कैसे वह चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे नंबर पर पहुंच गई। अगर सपा की बात करें तो उसकी जिला इकाई की अंदरूनी हालत भाजपा से इतर नहीं। भाजपा में दूसरी पार्टी के नेताओं को अपनी ओर लाने का माद्दा भी है। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता इसका सबसे सटीक उदाहरण हैं।

इतिहास के पन्नों को टटोलेंगे तो कई और नेता हैं, जिन्होंने भविष्य देखते हुए भाजपाई बनने में गुरेज नहीं किया। हालांकि पार्टी के नीतिनियंताओं के लिए इस बात का मूल्यांकन करने का समय आ गया है कि इन नेताओं ने पार्टी से क्या लाभ लिया और इसके बदले में उन्होंने पार्टी को क्या दिया। खैर, यहां बात सपा की है। निर्वतमान जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव और जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के बीच रिश्ते कैसे हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं। अध्यक्षी जाने के बाद अनुज कितनी बार पार्टी कार्यालय की सीढ़ियां चढ़े होंगे, कोई भी यह अंगुलियों में गिनकर बता सकता है। बातों बातों में कई सपाई नाम छिपाते हुए कई ऐसी बातें बता जाते हैं, जिनसे यह बात साबित होती है कि सब एक दूसरे की जड़ काटने में लगे हैं। पार्टी के सूत्र दावा करते हैं कि प्रत्याशी को लेकर भी जिले के प्रमुख नेताओं में अलग-अलग मत थे। पुष्ट सूत्र बताते हैं कि इस बात को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भांप लिया था और सबको बुलाकर हिदायत दी थी अन्यथा परिणाम कुछ और होता। पार्टी के अंदरखाने से मिली जानकारी के अनुसार, अभी भी जिला इकाई में सबकुछ ठीकठाक नहीं। यह बात दीगर है कि जीत की वजह से शांति है।

## एक नजर

### ई-रिक्शा लूट का आरोपी दबोचा, बैटरी बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस ने ई-रिक्शा लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार किया है। इससे दो बैटरियां भी बरामद की गई हैं। 13 फरवरी को दीपक निषाद पुत्र छोटू निवासी डिलौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बान तालाब के पास तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की और ई-रिक्शा, मोबाइल व 2500 रुपये लूट लिए। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को ई-रिक्शा के साथ पहले ही गिरफ्तार किया है। रविवार को आरोपी मनोज सिंह उर्फ बूटे सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी ऐंचवारा को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी से ई-रिक्शा की दो बैटरी भी बरामद कीं। पुलिस टीम में आरक्षी आकाश पटेल और मंगल सिंह शामिल रहे।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थाने के एसआई विपिन कुमार मिश्रा ने वांछित आरोपी रामकरन पुत्र स्व. रामआसरे निवासी चितरा गोकुलपुर चौकी सीतापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी जयप्रकाश विश्वकर्मा शामिल रहे।

### ट्रेलर लूटकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के अपराध निरीक्षक लाखन सिंह ने सीमेंट लदे ट्रेलर लूट कांड में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 17 जून को सतना निवासी हरिओम गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है। रविवार को एक और आरोपी मो. अली पुत्र मुन्ना निवासी भरवारी कोखराज जिला कौशांबी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस टीम में आरक्षी प्रशांत कुमार शामिल रहे।

### एनडीआरएफ ने डूबने से बचने के तरीके बताए

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र के रामघाट पर रविवार को एनडीआरएफ की टीम ने लोगों को डूबने से बचाव के तरीके समझाए। नाविकों को सावधानियां बरतने के बारे में बताया गया। इस दौरान टीम ने बचाव के तरीकों का प्रदर्शन भी किया।

### लोगों ने बाइक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**चित्रकूट।** रामनगर में घर के बाहर खड़ी बाइक को चुरा रहे युवक को लोगों ने दबोच लिया। इसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरकर महिला घायल

**राठ( हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बहगांव के पास तेज रफ्तार बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के ग्राम बहगांव की निवासी विद्यारानी अपने पति कमलापत के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बा से वापस गांव जा रही थी। तभी रास्ते में ग्राम बहगांव के पास पहुंचते ही अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



शपथपत्र दिखाते मृतक के परिजन।

# साहब ! गलत आदमी को फंसा रहे दरोगाजी

- एसपी को शपथपत्र भेजकर विवेचक पर उठाए सवाल
- बहिलपुरवा एसओ ने कहा आरोपी के खिलाफ साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** हत्या के एक मामले में मृतक के परिजनों ने विवेचक पर सवालिया निशान लगाए हैं। मृतक की पत्नी, बेटे और नातिन ने इस संबंध में एसपी के नाम शपथपत्र में आरोप लगाया है कि इस मामले में निर्दोष व्यक्ति को फंसाया जा रहा है, जबकि उन लोगों ने बाकायदा नाम बताकर तहरीर दी थी। उधर, बहिलपुरवा एसओ ने आरोपों से इंकार किया है। उनका कहना है कि उनके पास आरोपी के खिलाफ साक्ष्य हैं।

ऐंचवारा के शीतलपुर तरौंहा निवासी चंदा देवी ने बताया कि 30 जनवरी को उसके पति लालजी की हत्या कर दी गई थी। उसने इस संबंध में बहिलपुरवा थाने में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। 19 मार्च को एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में भी उसने आरोपियों के नाम बताए थे। चंदा देवी का आरोप है कि इसके बाद भी विवेचक द्वारा एक दूसरे व्यक्ति को गलत तथ्यों के आधार पर फंसाने की कोशिश की जा रही है। नामजद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। बताया कि उसकी भांजी स्वाती ने भी बताया था कि नामजद आरोपी लालजी को खेत सींचने के बहाने लिवा ले गए थे और बाद में हत्या कर दी थी। आरोप लगाया कि एक आरोपी के खिलाफ थानों में आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जमीन का बैनामा करने से इंकार करने पर ही हत्या की गई है। इनका यह भी कहना है कि विवेचक ने आज तक उन लोगों से घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं ली और न घटनास्थल का मुआयना किया।

चंदा देवी के साथ उसके पुत्र योगेश कुमार और नातिन स्वाती ने भी एसपी को शपथपत्र भेजा है। इस संबंध में बहिलपुरवा एसओ राम सिंह ने आरोपों से साफ इंकार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ उनके पास पुख्ता साक्ष्य हैं। मामले में किसी को गलत नहीं फंसाया जा रहा है।

# शाहू जी महाराज की देन है पिछड़ों को आरक्षण : अनिल

- राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के तत्वाधान में प्रसिद्धपुर में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कबीरदास और छत्रपति शाहू जी महाराज के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण शाहू जी की ही देन है। कबीरदास ने अंधविश्वास पर गहरी चोट की थी।

सदर विधायक अनिल ने कहा कि जातियों में बंटे शोषित वंचित समाज को इकट्ठा कर शाहू जी ने बहुत बड़ा काम किया था। उन्हीं की देन है कि जो दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिल रहा है। भीड़ से उत्साहित विधायक ने कहा कि जनसैलाब बता रहा है कि समाज परिवर्तन की राह पर है। समाज बदलाव चाहता है। इस कारवां को रुकने नही देंगे, मिलकर आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक कैलाश बौद्ध ने कहा कि कबीर साहब की बातें साढ़े छह सौ साल बीत जाने के बाद भी प्रासंगिक हैं। कबीर ने अंधविश्वास पर गहरी चोट की। कबीर कोई अवतार नहीं बल्कि महामानव और बोधिसत्व थे। आलोक पटेल, मान सिंह पटेल, ज्ञानेंद्र चौधरी, सुभाष पटेल, रमेश कुशवाहा, दशरथ महाविद्यालय के प्रबंधक गया प्रसाद कुशवाहा ने भी जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर कौशांबी के गायक अमित बौद्ध और अश्वनी बौद्ध ने प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों लोगो ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अमित पटेल, छोटेलाल कोटार्य, गुलाब बौद्ध, जितेंद्र बाल्मीकि, सूरज पाल कोटार्य, सूरजबली कोटार्य, रामनारायण पटेल, उदयभान पटेल, बलराम पटेल, बलराम चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक अनिल।



परिक्रमा पथ पर सफाई करते युवा।

# स्वच्छता के साथ लोगों को जागरूक करने की कवायद

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कामदगिरि स्वच्छता समिति की अगुवाई में युवाओं ने रविवार के अभियान के तहत तीर्थक्षेत्र में सफाई की। इस बार साक्षी गोपाल मंदिर के पास सफाई अभियान चलाया गया। समिति के अध्यक्ष और नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि इस मौके पर लोगों को जागरूक करने की भी कवायद की जा रही है।

राकेश ने बताया कि परिक्रमा पथ पर लंबे समय से रविवार को सफाई की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि शुरुआत में तो उनको लोगों का सहयोग नहीं मिलता था पर अब स्थानीय लोग भी इसमें खुलकर साथ आ रहे हैं। हालांकि अभी भी बहुत ज्यादा जागरूकता की आवश्यकता है। राकेश ने कहा कि वे चाहते हैं कि लोग तीर्थक्षेत्र आएं तो यहां की अच्छी तस्वीर मन में लेकर जाएं। अभियान में जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, रसूल बख्श, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, वीरेंद्र, सनी, रामसिया, दीपक, मालिक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, विजय ने सहयोग किया।

# सौर ऊर्जा के उपकरण बनाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ाएं कदम

- 7 महिलाओं को टूल एवं डेमो किट का वितरण किया गया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सौर ऊर्जा के उपकरणों के निर्माण का प्रशिक्षण महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगा। इससे वे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकेंगी।ये विचार नगर पालिका सभासद और समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने व्यक्त किए। रविवार को विकास पथ सेवा संस्थान और बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि सौर ऊर्जा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य महत्वपूर्ण है। इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेगा। इस मौके पर सात महिलाओं को टूल एवं डेमो किट का वितरण किया गया।

महिलाओं से कहा गया कि वे एलईडी बल्ब, टार्च, लैंप और अन्य उपकरण बनाकर दुकान खोलें और इन उत्पादों की बिक्री कर आमदनी बढ़ाएं। संस्थान के अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ने बताया कि ये महिलाएं कुशीनगर प्रशिक्षण केंद्र से सीख कर लौटी हैं। इनको लालटेन, सोलर लैंप, चार्ज कंट्रोलर बनाने के साथ बैटरी पैनल की रिपेयरिंग और मेंटीनेंस का भी प्रशिक्षण दिया गया है। बताया कि ये सभी पढ़ी लिखी और गरीब परिवारों से हैं। दूसरे बैच में भी लगभग बीस महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। विनीता सिंह ने बताया कि जिन महिलाओं में कुछ करने की आकांक्षा है, उनकी संस्थान मदद करने को तत्पर है। बताया कि प्रशिक्षण के दौरान इस सोलर सखी महिलाओं को डिजीटल पेमेंट करना, भीम एप का प्रयोग, ईमेल लिखना, इंटरनेट का इस्तेमाल और साइबर क्राइस में बचाव के संबंध में भी बताया गया है। कार्यक्रम में डा. विकास सिंह, गोपाल कृष्ण गुप्ता आदि ने भी अपनी बातें कहीं। संचालन लवलेश सिंह ने किया। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, सोलर सखी रेखा गुप्ता, केता देवी, सुनीता, संगीता, राजाबेटी, ज्ञानगीता और शिवप्यारी आदि मौजूद रहीं।



महिलाओं को सोलर किट देते समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव। अमृत विचार

**अनदेखी** — छिवलहा के बाशिदों ने ग्राम प्रधान पर लगाए विकास कार्यों में हीलाहवाली के आरोप, प्रधान बोले-इस्टीमेट तैयार

# प्राचीन मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की राह में गंदा पानी बना अड़चन

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सड़क और नाली निर्माण के थोथे दावों की एक सुबूत है ग्राम पंचायत छिवलहा। यहां सड़क के किनारे नाली निर्माण न होने से प्राचीन हनुमान मंदिर को जाने वाले श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित होती है। गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और ग्रामीणों को भी दिक्कत होती है।

यहां के लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार प्रधान का ध्यान आकृष्ट कराया गया पर उसने अनसुनी कर दी। आरोप यह भी है कि प्रधान ग्राम पंचायत के कामों में हीलाहवाली करता है। अनियमितता के भी आरोप लगते रहते हैं। हनुमान मंदिर के पास नाली निर्माण न होने से गंदा पानी भरा रहता है। गांव के सूर्यभान सिंह आदि लोगों ने समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। इस संबध में जब ग्राम प्रधान देवस्वरूप से बात गई तो प्रधान ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इस्टीमेट बना हुआ है। बीडीओ मऊ द्वारा स्वीकृति नहीं दी जा रही है। बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा के मोबाइल पर काल कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने रिसीव नहीं किया।



प्राचीन हनुमान मंदिर जाने वाले रास्ते पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

**कभी भी हो सकता है हादसा : संतोष सिंह**



गांव निवासी संतोष सिंह ने कहा कि प्राचीन हनुमान मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां बड़े बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी पूजा पाठ करने जाते हैं। गंदे पानी से होकर जाते हैं और पैर फिसलने से कभी भी कोई चुटहिल हो सकता है।

**बरसात के पहले बनाई जाए नाली: शुभम**



शुभम सिंह ने कहा कि यदि नाली निर्माण बारिश आने से पहले नहीं होता तो दिक्कत और बढ़ेगी। यह सड़क गांव के अंदर जाने का मुख्य मार्ग है जो पानी से भरा हुआ है। जानकारी होते हुए भी जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

**कई बार बच्चे हुए चुटहिल- पुष्पराज**



पुष्पराज सिंह ने बताया कि कई वर्षों से मंदिर के पास का यह हाल है। सड़क पर पानी बहता है। स्कूल जाने वाले बच्चे कई बार ये बैग लेकर गिर जाते हैं और चुटहिल हो जाते हैं। अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद को नहीं थी सत्ता की लालसा : लवकुश

- भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस पर किया याद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने रविवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर बूथों पर कार्यक्रम कर उनको श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। अमानपुर में हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि डा. मुखर्जी को सत्ता की लालसा नहीं थी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर जनसंघ की स्थापना की थी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि डा. मुखर्जी ने देश की अस्मिता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने भारत को पुनः विभाजन होने से बचाया। पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मुखर्जी ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू एवं कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुखरता से विरोध किया था। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सुरेश अनुरागी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, शिवाकांत पांडेय, संजय पांडेय, अंकित पांडेय, सुरेश पटेल, राधे सिंह, बृजेश शुक्ला, पवन बद्री आदि मौजूद रहे।

# शौच गई महिला को बेकाबू ट्रक ने कुचला

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम

● नरैनी जा रहा ट्रक युवती को सौ मीटर घसीटता ले गया

● पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद खुला जाम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग में मोहाल की महिलाओं के साथ शौच के लिए बाहर गई महिला को तेज रफ्तार बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया और चालक ट्रक लेकर मौके से भाग जाने में सफल रहा। इस बीच घटना के विरोध में ग्रामीणों ने पांच सूत्रीय मांगों के साथ सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मांगे पूरी करने का भरोसा देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग निवासी कैलाश वर्मा की 44 वर्षीय पत्नी कमला रविवार की सुबह लगभग 4 बजे अपने घर से मोहल्ले की महिलाओं के साथ सड़क किनारे शौच के लिए गई हुई थी। वह शौच के लिए बैठी ही थी कि तभी तेज रफ्तार बेलगाम ट्रक ने महिला को कुचल दिया और चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला को ट्रक लगभग 100 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया था। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने सड़क पर पड़े महिला के शव के पास ही जाम लगा दिया। वहीं मृतका के देवर संतोष ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर न केवल शांत किया बल्कि उनकी मांगें पूरी कराने का भी भरोसा दिया।



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने मुआवजा समेत रखीं पांच मांगें

रविवार की सुबह बांदा-नरैनी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक से महिला की कुलचकर हुई मौत के मामले से गुस्साएं बड़ोखर बुजुर्ग गांव के लोगों ने शव के पास ही जाम लगा दिया। यह जाम लगभग चार घंटे तक लगा रहा। हालांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची हल्का पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह तब माने जब उनकी पांच मांगे पूरी करवाए जाने का उन्होंने भरोसा दिया। इस तरह पुलिस के प्रयास से चार घंटे बाद राज्यमार्ग से जाम खुल सका और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका कमला का पति कैलाश और उसका पुत्र राकेश दोनों ही एक सप्ताह पूर्व मेहनत मजदूरी करने के लिए हरियाणा चले गए थे। हालांकि उनको सूचना दे दी गई है, लेकिन अंतिम संस्कार में शामिल हो सकेंगे यह संदेह है।

### बाइक पेड़ से टकराई, महिला की मौत

**बांदा।** सड़क पर टूटे पड़े पेड़ से टकरा कर बाइक गिर पड़ी जिसमें महिला की मौत हो गई। बहू और पौत्र घायल हो गए। उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। परिजनो ने बगैर पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शहर के धीरज नगर निवासी 60 वर्षीय कौशिल्या पत्नी कल्लू अपनी 40 वर्षीय बहू रेखा और 20 वर्षीय पौत्र विक्की के साथ बाइक में बैठ कर कमासिन थाना क्षेत्र के सिकरी गांव जा रही थी। तभी कमासिन से कुछ दूर पहले आधी में पेड़ रास्ते में टूटा पड़ा था। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद गिर पड़ी जिससे तीनो लोग घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो को उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद कौशिल्या को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति ने बताया कि सिकरी में उसकी बेटी कुषमा रहती है। उसके बच्चा हुआ था। शनिवार को बरहौ संस्कार था। उसी में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बांदा।** छतरपुर जिला के पाहरा गांव निवासी 24 वर्षीय सोनू गुप्ता पुत्र दुर्गाप्रसाद रविवार की दोपहर चित्रकूट से बाइक लेकर गांव जा रहा था। तभी महुआ के पास सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके से भाग रहे कार चालक को ग्रामीणो ने पकड़ लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संसद में अधिवक्ताओं की आवाज बुलंद करेंगी सांसद कृष्णा पटेल

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा तीन परिवर्तित नए कानूनों के विरोध में चलाए जा रहे आंदोलन के क्रम में क्रमिक अनशन अनवरत जारी है। साथ ही इसमें जन प्रतिनिधियों ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए जोरदारी के साथ इस मांग को उठाए जाने का आश्वासन दिया है। बार अध्यक्ष की अगुवाई में 24 जून दिन सोमवार को अधिवक्ता मुंह में काली पट्टी बांधकर आयुक्त को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगे।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित के अनुसार तीन परिवर्तित नए कानूनों के विरोध में जिला बार द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के तहत क्रमिक अनशन पर अशोक त्रिपाठी जीतू, अवधेश गुप्ता खादीवाला, दिनेश कुमार गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, मोहम्मद असलम, मोहम्मद फहीम खान, अमन गुप्ता, द्वारिकेश यादव मंडेला, कालिका प्रसाद गुप्ता, इम्तियाज खान सी. आदि अधिवक्ता बैठे। इस दौरान जिला बार के महासचिव रामप्रकाश शिवहरे राजा, बृजेश कुमार द्विवेदी ने आंदोलन के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अनशन स्थल पर बाँदा-चित्रकूट की नव निर्वाचित सांसद कृष्णा पटेल ने उपस्थित होकर अधिवक्ताओं की हड़ताल का समर्थन किया और ज्ञापन लेकर संसद में उनकी मांग को जोरदारी से उठाने का भरोसा भी दिया। इसी प्रकार फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भी ऐसा ही आश्वासन दिया।



सांसद कृष्णा पटेल को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

● अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी, आयुक्त को आज देंगे ज्ञापन

जिला बार द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को और तेज करने के लिए 24 जून दिन सोमवार को जिला बार अध्यक्ष अशोक कुामर दीक्षित के नेतृत्व में सभी अधिवक्ता सुबह 9 बजे बार भवन में एकत्र होंगे और जुलूस के रूप में काली पट्टी से मुंह बांधकर आयुक्त कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगे जो प्रधानमंत्री के लिए नामित होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से काले कानूनों को वापस लेने की मांग की जाएगी।



मरीज का परीक्षण करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

# 300 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** गरीब मरीजों को लाभ पहुंचाने के मकसद से महाराणा प्रताप चैक स्थित अवनी परिधि मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। तीन सैकड़ा मरीजों ने शिविर में पंजीकरण कराया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नियमित उपचार की सलाह दी। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.नीलम सिंह, यूरो लाजिस्ट डा.शैलेंद्र कुमार गुप्ता, न्यूरो सर्जन डा.अरविंद कुमार झा, बाल्य रोग विशेषज्ञ डा.अनीता अग्रहरि, फिजीशियन डा.सुशील पटेल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.मोहित सिंह, ईएनटी डा.शंकर कबीर ने शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में पंजीकरण कराकर उपचार कराने वाले सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं और भेजन वितरित किया गया। शिविर में डा.प्रदीप सिंह, एमपी प्रजापति, राकेश गुप्ता, देवी दयाल, शिवा, सीतू सोनी, हरि आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# विकास संबंधी योजनाओं के कार्यों की प्रगति में लाएं तेजी: सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● सीडीओ ने खंड विकास अधिकारियों को बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** जनपद में शासन की मंशा के अनुरूप विकास संबंधी योजनाओं के कार्यों में तेजी के साथ प्रगति लाए। इसके अलावा वर्षा जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए वर्षा से पूर्व गड्ढे की खुदान के लिए स्थान का भी चयन कर ले।

मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने शनिवार को विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक में खंड विकास अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि वह वर्षा से पूर्व पांच-पांच स्थानों का चयन वृक्षारोपण के लिए निश्चित कर ले और गड्ढे की खुदान भी कराए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि वृक्षारोपण में विभिन्न प्रजातियों के पौधों की तैयारी एवं फलदार वृक्षों का रोपण कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्षा से पूर्व जल संरक्षण के लिए मेडबंदी, तालाबों की खुदाई व खेत तालाब योजना के अंतर्गत जल संरक्षण की सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के आवासों को पूर्ण करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अवशेष आवासों के निर्माण कार्य में ससमय पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वयं सहायता समूहों का क्रेडिट लिंक बैंकों के द्वारा कराए जाने के संबंध में लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि वह इंडियन बैंक व आर्यावर्त बैंक द्वारा समन्वय स्थापित कर समूहों का लिकेंज कराए। बैठक में कृषि रक्षा रसायन, पीएम कुसुम योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए किसानों को समय से योजनाओं का लाभ तथा युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के आवदेनों को प्रमुखता से निस्तारित कर बैंकों से ऋण दिलाए जाने संबंधी निर्देश दिए। सीडीओ ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करके उन्हें टूल किट का वितरण प्रमुखता से कराने के निर्देश दिए।

अंत में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कराए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल, जिला वानकी अधिकारी सहित डीसी एनआरएलएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी 28 वर्षीय अरुण उर्फ पप्पू पुत्र शोभा अपने घर के बाहर बने कुए में लेटता था। शनिवार की रात किसी वक्त अरूण ने कुए की गरारी से कुए में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह मां सियाप्यारी ने शव लटकता देखा तो वह चीख पड़ी।



शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे जितेद्र ने बातया कि पांच वर्ष पहले वह ट्रेन से गिर कर पड़ा था। जिससे उसकी कमर में चोट आ गई थी। वह चल फिर नही पाता था, घिसट कर चलता था। उसकी पत्नी गुलबियां भी अपने मायके ग्योड़ी बाबा में रह रही थी। इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# स्टेज पर वॉक कर नेहा कश्यप ने जिले का नाम रोशन किया

कार्यक्रम संवाददाता, बांदा

● बालीवुड अभिनेत्री ने बेस्ट ज्यूरी अवार्ड से किया सम्मानित

**अमृत विचार।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित मिस्टर मिस-मिसेज इंडिया आइकॉन प्रतियोगिता में बांदा की बेटी ने बतौर ज्यूरी भागीदारी करते हुए अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। डिजाइनर ड्रेस पहन कर स्टेज पर वाक करते हुए जलवे बिखेरे। वालीवुड अभिनेत्री ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ ज्यूरी का आवार्ड देकर सम्मानित किया।

नेहा कश्यप सेंट मैरी स्कूल के पास ज्योति नगर की रहने वाली हैं। पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित मिस्टर मिस-मिसेज इंडिया आइकॉन 2024 में निर्णय करने के लिए बुलाया गया था। बालीवुड अभिनेत्री नागिन और बिग बास एक्ट्रेस महक चहल ने नेहा को बेस्ट ज्यूरी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। इस शो में नेहा कश्यप ने डिजाइनर ड्रेस पहनकर स्टेज पर वॉक करके जलवे बिखेर दिए। उनके ड्रेस और मेकअप की बहुत तारीफ की गई। ड्रेस और मेकअप अतर्रा स्थित उज्जवल मेकओवर के उज्जवल सोनी ने दिया। नेहा का कहना है कि बुंदेलखंड में होनहार की कोई कमी नहीं है। बस प्रतिभा खोजने की जरूरत है।



नेहा कश्यप को पुरस्कृत करती अभिनेत्री महक चहल। अमृत विचार

# गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** रोटी बैंक सोसाइटी की बैठक पीली कोठी स्थित एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने गरीबों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाने के संदर्भ में अपने-अपने सुझाव दिए, वहीं दो सदस्यों जिनमें मोहम्मद सलीम को संगठन का उपाध्यक्ष और सीमा नंदा को संगठन की महिला सचिव के पद का पदभार संरक्षक शेख सादीजमा द्वारा ग्रहण कराया गया।

रोटी बैंक सोसाइटी की रविवार को एक होटल में आयोजित मासिक बैठक संगठन के बैनर तले गरीबों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए और सुझाव भी दिए गए। इस दौरान 9 पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर माह 100-100 रुपए संगठन को देने के लिए वादा किया तथा सभी लोगों ने अंतिम समय तक गरीबों की मदद का संकल्प भी व्यक्त किया। रेणुका गुप्ता ने हर बुधवार को गरीबों के लिए 20 पैकेट भेजन देने का ऐलान किया, वहीं संगठन के अध्यक्ष रिजवान अली व संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने गरीबों की हर स्तर पर मदद करने पर जोर दिया। संरक्षक सादीजमा खान ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की हौसला अफजाई की। बैठक में मोहम्मद समीम, शारिक फारुखी, हुजैफा, अर्श अहमद, रिया खान, गिरधारीलाल चैरसिया, प्रीती शिवहरे, तरन्नुम फात्मा, मोहम्मद अजहर महामंत्री, इरफान खान, अख्तर किरमानी, अब्दुल मुजीब राजू, तबस्सुम फात्मा, रेशमा खान, मोहम्मद हामिद, मोहम्मद नफीस, अलीम अहमद खान, राबिया खान, निकहत खातून, सबीहा नूरानी, नग्गो खातून, मीना खातून, अब्दुल खालिक, सद्दाम हुसैन आशु, आनंद कुमार नाग, रफीक खान, मोहम्मद दानिश, राज गुप्ता, नसीम मंसूरी, नईम खान, नसीम खान, रिजवान खान, आसिफ खान गोयरा, नौशाद, अब्दुल शफीक कल्लू आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते रोटी बैंक के पदाधिकारी। अमृत विचार

# सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, भर्ती

**जालौन।** घर के बाहर सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुरा निवासी मुकेश कुमार (28) ने बताया कि शनिवार की रात बिजली न आने पर वह घर के बाहर चारपाई पर सो गया। सुबह के समय अचानक से किसी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। पैर में चुभन होने पर जैसे ही वह उठा तो जहरीला कीड़ा वहां से भाग गया उसने तत्काल परिजनों को जगाया और उन्हें इसकी जानकारी दी। पता चलते ही परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# महाराजा खेत सिंह ने ऊदल को हराया

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड योद्धा संडे सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में महाराजा खेत सिंह टीम ने ऊदल अटैकर्स पर पर चार विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। मैन आफ दी मैच महाराजा खेत सिंह टीम के अभय शुक्ला चुने गए। आयोजकों ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच देखने को ग्राउंड में दर्शकों की भीड़ जुटी।

राजकीय इंटर कालेज ग्राउंड में रविवार को बुंदेलखंड योद्धा संडे सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में ऊदल फाइटर्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। अक्षत रघुवंशी ने 47 और पवन दीक्षित 25 रनों का योगदान दिया। महाराजा खेत सिंह राइडर्स के गेंदबाज बादल व रवि ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में महाराजा खेत सिंह टीम ने 14.5 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य पा लिया। अभय शुक्ला ने 26 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की पारी खेली। वह मैच आफ दी प्लेयर चुने गए। ऊदल अटैकर्स के बालर मिथलेश परिहार व राज यादव ने दो-दो खिलाड़ियों को आउटकिया। अंपायर विनोद व रेहाल जूनियर, स्कोरर बब्लू रहे। इस मौके पर कमेटी सदस्य मोती सिंह, केजी, शिवगोविंद शर्मा, जीतेंद्र शुक्ला, सुनील कुमार, चावला, प्रद्युम्न सिंह, अंकित, आकाश, अमरजीत, आर्यन, पंकज, शाबान, आसिफ अली, सुप्रीत व रवि धुरिया आदि उपस्थित रहे।



जीत की खुशी मनाते क्रिक्रेटर। अमृत विचार

● बुंदेलखंड योद्धा संडे सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

# पीसीएस परीक्षा में बांदा के बेटे ने हरियाणा में पाई 11वीं रैंक

**अतर्रा।** कस्बे के बांदा रोड निवासी शिवम पांडेय पुत्र रामबाबू पांडेय ने हरियाणा राज्य द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा को प्रथम प्रयास में ही पास कर अधिकारी बन गए हैं। उन्हें 11वीं रैंक हासिल हुई है। बाल्यावस्था से ही पढ़ने में अव्वल रहने वाले शिवम पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा नगर के नेहरू कान्वेंट स्कूल में हुई। हाईस्कूल उन्होंने तथागत ज्ञानास्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पास करने के उपरांत इंटर मीडिएट लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल से उत्तीर्ण किया। स्नातक की पढ़ाई शिवम ने दिल्ली युनिवर्सिटी के हिंदू कालेज से पूरी की। शुरू से ही शिवम की इच्छा सिविल सर्विस में जाने की रही है। जिसके प्रयास उनके द्वारा किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड की पीसीएस का भी इंटरव्यू दिया है।तुर्रा गांव के रहने वाले शिवम के पिता रामबाबू बैंक में मैनेजर पद पर हैं। जबकि मां सतरूपा गृहणी है। उनके बड़े भाई शुभम पांडेय विजली विभाग में एसडीओ पद पर कार्यरत हैं। उनकी सफलता पर वरिष्ठ भाजपा नेता अधिवक्ता पुरुषोत्तम पांडेय, मनोज पांडेय सहित तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है। शिवम की सफलता से कस्बा समेत क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



शिवम पांडेय।

समाधान | बिजली अफसरों और राज्यमंत्री के कार्यकर्ताओं की अभद्रता व मारपीट का मामला

# द्विपक्षीय वार्ता व एमडी की मध्यस्थता से दूर हुए गिले-शिकवे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● पांच दिनों तक चला ड्रामा राज्यमंत्री की मौजूदगी में हुई वार्ता

● प्रबंध निदेशक ने पीड़ित अधिकारियों-कर्मचारियों का पक्ष सुना

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री और बिजली के अफसरों का विवाद आखिरकार दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक की मध्यस्तता के बाद सुलझ गया। बिजली विभाग और प्रशासनिक अफसरों की लंबी बैठकों के दौर के बीच दोनों पक्षों ने आपसी गिले शिकवे दूर कर लिए और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सब कुछ ठीक हो गया। राज्यमंत्री की मौजूदगी में हुई वार्ता के बाद चंद घंटे पहले तक एफआईआर की मांग पर अड़े विद्युत विभाग के अफसरों के तेवर ढीले पड़ गए। आखिरकार पांच दिनों तक चली ड्रामेबाजी और मान मनौव्वल के दौर के बाद अब मामला सुलझ गया है और पीड़ित अधिकारियों कर्मचारियों ने एफआईआर दर्ज कराने से इंकार कर दिया है।

बता दें कि 19 जून की रात बिजली संकट को लेकर प्रदेश के राज्यमंत्री अपने साथियों के साथ मुख्य अभियंता के कार्यालय में पहुंचे थे और वहां किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, बाद में मामला हाथापाई तक पहुंच गया था। घटना के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने पूरे प्रकरण की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों समेत शासन तक देते हुए हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम भी दे दिया था। उधर पीड़ित एक्सइएन भंडार छोटेलाल, एई स्टोर पुनीत शर्मा और सहायक भंडारी आशुतोष दीक्षित राज्यमंत्री और उनके कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज कराने की जिद पर अड़े रहे। हालांकि बाद में मामले की गंभीरता को समझते हुए राज्यमंत्री का नाम तहरीर से हटाकर उनके पर्सनल असिस्टेंट का नाम शामिल किया गया, लेकिन फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कह कर मामले को टरकाती रही। वहीं ताजा घटनाक्रम के बीच शनिवार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर यहां पहुंच गए और पूरे मामले को सुलझाने के प्रयासों में जुट गए। हालांकि एमडी श्री किशोर की मेहनत रंग लाई और जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौते पर बात बन गई।

उधर पूरे मामले को लेकर कोई भी अधिकारी, कर्मचारी कुछ भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। ऐसे में समझौते को लेकर आम जनता के बीच उहापोह की स्थिति बनी हुई है और शहर में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गरम है। प्रबंध निदेशक से लेकर पीड़ित अधिशाषी अभियंता तक पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

### सर्किट हाउस से कृषि विश्वविद्यालय तक हुई मीटिंग

राज्यमंत्री और बिजली अफसरों का विवाद निपटाने के लिए शनिवार को लंबी कवायद चली और सर्किट हाउस से लेकर कृषि विश्वविद्यालय तक मीटिंगों का दौर चलता रहा। शनिवार को प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचकर विभागीय अफसरों का रुख समझा और पीड़ित अधिकारियों व कर्मचारियों से उनका पक्ष जाना। सूत्रों की मानें तो एमडी ने सर्किट हाउस में डीएम और एसपी से मुलाकात कर प्रशासनिक दांवपेंचों पर चर्चा की। इसके बाद अफसरों का काफिला कृषि विश्वविद्यालय पहुंच गया। बताते हैं कि कृषि विश्वविद्यालय में पहले से ही सूबे के राज्यमंत्री रामकेश निषाद मौजूद थे। उनके साथ सभी अधिकारियों ने वार्ता की और फिर सुलह समझौते पर बात बनी।

# करोड़ों रुपये खर्च, नहीं बुझी शहरवासियों की प्यास

## गर्मी में पानी की बढ़ती किल्लत को लेकर की जा रही टैंकरों से सप्लाई, पानी के लिए सुबह से होती है जद्दोजहद

जल संकट

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नयापुरा मुहाल में टैंकर से पानी भरने को उमड़ी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पेयजल योजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर में पानी को लेकर हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। हर साल गर्मी के मौसम में यहां के बाशिंदों को पानी के लिए जूझना पड़ता है। स्थिति यह है कि कहीं टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है तो कहीं पर लोग स्वयं हैंडपंपों और कुओं से पानी भरकर प्यास बुझा रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में तमाम बांध भी डेड लेवल पर पहुंच गए हैं, वहीं तालाबों में धूल उड़ रही है, जिसके चलते पानी का स्तर तेजी से नीचे खिसक रहा है, इससे हैंडपंपों में भी पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा। कई हैंडपंप ड्राई हो चुके हैं, जिससे पानी को लेकर मारामारी मचने लगी है।

गौरतलब है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना के जरिए जिला मुख्यालय के उर्मिल बांध तक करीब 28 किमी पाइप लाइन बिछाकर और श्रीनगर में फिल्टर प्लांट बनाकर वर्ष 2010 में श्रीनगर, सिजहरी और महोबा में पेयजल आपूर्ति शुरू कराई गई थी, लेकिन यह योजना भी 10 साल बाद शहरियों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। 2020 से शहरियों को उर्मिल बांध से भरपूर पानी नहीं मिल रहा है, यही वजह है कि हर साल गर्मी के दिनों में पानी को लेकर मारामारी मचने लगी है। लोग पानी के लिए रातों को जागकर हैंडपंपों से पानी भरते हैं। कारण, सुबह होने तक हैंडपंपों में भारी भीड़ जुटने के कारण हैंडपंप भी जबाव दे जाते हैं, जिससे तमाम लोग पानी से महरुम रह जाते हैं।

शहर में सबसे ज्यादा दिक्कत नयापुरा नैकाना, नैकानापुरा, ढपलानापुरा, बड़ीहाट, भटीपुरा के कुरयानापुरा सहित तमाम इलाकों में गर्मी के मौसम में पानी की बढ़ जाती है। नैकानापुरा में एक माह से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, इस मोहल्ले में पालिका प्रशासन द्वारा टैंकरों से पानी की सप्लाई दी जा रही है। टैंकर आते ही यहां के लोग पानी के टूट पड़ते है, जिससे चंद मिनटों में टैंकर का पानी खत्म हो जाता है। एक टैंकर में तमाम पाइप डालकर लोग थोड़ी ही देर में पानी खींचकर टैंकर खाली कर देते हैं, जिससे तमाम लोगों को टैंकर आने के बाद भी पानी नसीब नहीं हो पाता और लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### मदन सागर सरोवर से भी ठप हुई सप्लाई

गर्मी शुरू होने के बाद से ही शहर के कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति नाम मात्र की हो रही है, जिससे पानी की सप्लाई आने के बाद भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को मदन सागर सरोवर से की जाने वाली सप्लाई ठप हो जाने से समस्या और बढ़ गई। शहर के मोहल्ला चौसियापुरा, मथुरनपुरा, पठानपुरा, जारीगंज, भीतरकोट, दरियापुरा, मकनियपुरा, कसोरा टोरी सहित तमाम मोहल्लों की पेयजल आपूर्ति बाधित रही, बावजूद इसके जलनिगम के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने से लोग पानी के लिए खासा परेशान दिख रहे हैं। पेयजल आपूर्ति ठप होने पर लोग सुबह से ही डिब्बे-बाल्टी और अन्य बर्तन लेकर पानी की तलाश में हैंडपंपों और कुओं में पहुंच रहे हैं।

### लोग खरीद कर पी रहे पानी

शहर में रविवार को पेयजल आपूर्ति ठप हो जाने से तमाम लोगों ने पानी प्लांट पर डिब्बे ले जाकर पंद्रह रुपये में एक डिब्बा के हिसाब से पानी खरीदा। पेयजल सप्लाई बाधित होने पर पानी प्लांट संचालकों ने भी रविवार को दस रुपये के स्थान पर पंद्रह रुपये डिब्बा पानी बेंचा। जरुरतमंद लोगों ने प्यास बुझाने के लिए मजबूरन ज्यादा पैसे दिए। पानी की किल्लत को देखते हुए हालांकि जिला प्रशासन ने मुख्य चौराहो और मार्गों पर गर्मी से परेशान लोगों को पानी मुहैया कराने के लिए ठंडे पानी के डिब्बों की व्यवस्था करा दी है।


शिकायती पत्र देने के बाद खड़े किसान। अमृत विचार

# रास्ते पर कब्जा करने से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता महोबा

- उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर चकरोड निर्माण की उठाई मांग

**अमृत विचार।** सदर तहसील के ग्राम रैपुराकला में खेतों में जाने वाले आम रास्ते पर कुछ ग्रामीणों द्वारा कब्जा किए जाने से किसानों को खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है साथ ही ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों को खेतों तक ले जाने में भी पसीने छूट जाते हैं। गांव के किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए रास्ते से कब्ज हटाकर चकरोड बनाए जाने की मांग की है।

उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों तक जाने वाले आम रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया। वर्तमान समय में खेतों में जुताई और बुवाई का कार्य चल रहा है और ऐसे में किसानों को खेतों में कृषि कार्य के लिए जाना पड़ता है, लेकिन आम रास्ता सकरा हो जाने से तमाम समस्याएं उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते से कब्जा हटवाकर चकरोड निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# नाले पर कब्जा करने का आरोप कोतवाली पहुंचे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता महोबा


कोतवाली के बाहर शिकायती पत्र दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली अंतर्गत आने वाले ग्राम बसौरा में नाले के ऊपर एक महिला द्वारा कब्जा किए जाने से नाला बंद हो जाने के कारण ग्रामीणों को बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का भय सता रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार महिला से नाले से कब्जा हटाए जाने के बावत कहा गया, लेकिन उक्त महिला लड़ने पर आमादा हो जाती है। इस पर ग्रामीण सदर कोतवाली पहुंचे और समस्याओं से संबन्धित एक शिकायती पत्र कोतवाली प्रभारी को देकर नाले से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई। ग्राम बसौरा निवासी जवाहरलाल, कमलेश, कुन्ना, गुलाब सिंह, ब्रजेंद्र, विनोद, श्यामसुंदर, रघु, दयाशंकर आदि ग्रामीणों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में बारिश के पानी को निकाले जाने के लिए नाले का निर्माण कराया गया था, जिस पर एक दबंग महिला द्वारा अतिक्रमण कर नाले में मिट्टी डालकर उसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। बताया कि नाला बंद होने से बरसात के मौसम में काफी समस्या होगी।

# मेमू ट्रेनें निरस्त होने से यात्रियों को हुई भारी परेशानी

कार्यालय संवाददाता महोबा


मेमू ट्रेनें निरस्त होने के बाद रेलवे स्टेशन से लौटते यात्री। अमृत विचार

- प्राइवेट बस संचालक काट रहे चांदी
- 22 जून की शाम से निरस्त हैं ट्रेनें

**अमृत विचार।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर चल रहे दोहरीकरण के कार्य के चलते जहां इस ट्रेक पर चलने वाली रेल देरी से गन्तव्य स्थानों पर पहुंच रही हैं, वहीं दूसरी तरफ झांसी, प्रयागराज और झांसी से मानिकपुर चलने वाली दो मेमू ट्रेने शनिवार शाम से निरस्त कर दी गई हैं। मेमू ट्रेनों के निरस्त होने से रविवार को महोबा से कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर झांसी जाने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन से बैरंग लौटना पड़ा। रेलवे स्टेशन में जुटी यात्रियों की भीड़ को मेमू ट्रेन निरस्त होने की जानकारी मिली पर तमाम लोग अपने गन्तव्य स्थानों पर नहीं पहुंच सके, जिससे कुछ लोगों को यात्रा रद करनी पड़ी वहीं तमाम यात्रियों को बसों से झांसी की यात्रा करनी पड़ी जिससे वह काफी देर से झांसी पहुंच सके।

मालूम हो कि झांसी मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कई स्थानों पर कार्य चलने के कारण एक्सप्रेस गाड़ियों को धीमी गति से निकाला जा रहा है, जबकि एकाध पैसेंजर गाडी भी धीमी गति से चलाई जा रही है, जबकि मेमू रेल गाड़ियों को निरस्त कर दी गई है। ट्रेनों के निरस्त हो जाने से प्रतिदिन हजारों की संख्या में झांसी जाने वाले यात्रियों और मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि दो ट्रेनों के निरस्त होने से प्राइवेट बस संचालकों की बल्ले बल्ले हो गई है। चंद सवारियां लेकर झांसी की यात्रा करने वाली बसे आज यात्रियों से खचाखच भरकर निकलीं, जिससे रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा दिखने लगा है, वहीं प्राइवेट बस स्टैंड में यात्रियों का भारी जमावड़ा लग रहा है।

गौरतलब है कि झांसी से महोबा, बांदा आने वाली मेमू ट्रेनों के अचानक निरस्त होने से झांसी से आने वाले यात्री भी मेमू ट्रेनों के निरस्त होने से भारी दिक्कत के बाद घूम फिर कर बसों से कई घंटे देरी से महोबा आ सके। पहले प्राइवेट बसों में सीट पाने का कोई झंझट नहीं था, लेकिन अब ट्रेनों के निरस्त हो जाने से यात्रियों को बसों में सीट पाने के लिए पहले से पहुंचा पड़ता है, जिससे वह बस में सीट पा सके। बसों में सीट के अलावा लोग मजबूर खड़े होकर भी सफर कर रहे हैं, जिससे बस संचालकों की चांदी कट रही है।

### यात्रियों को महंगा पड़ रहा सफर

मेमू ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों को अब बसों से सफर महंगा पड़ रहा है। हालत यह है कि लोगों को प्राइवेट बसों से झांसी की यात्रा करने पर चार गुना किराया देना पड़ रहा है, वहीं नजदीक के स्टेशनों कुलपहाड़, बेलाताल, हरपालपुर, पनवाड़ी की यात्रा करने के लिए यात्री क्रूजर व अन्य चार पहिया वाहनों से दो गुना किराना देकर सफर करने को मजबूर हैं। मेमू ट्रेनों का संचालन बंद होने से क्रूजर संचालकों की जमकर चांदी कट रही है।

# बबूल के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता महोबा



**अमृत विचार।** महोबा खजुराहो रेल लाइन पर एक युवक का शव बबूल के पेड़ पर लटका पाया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या की अशंका जताते हुए कोतवाली महोबा में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस घटना से मृतक के घर में रोना पीटना मचा हुआ है।

जनपद हमीरपुर के कस्बा सुमेरपुर निवासी देवेंद्र उर्फ दीपू 30 पुत्र राम बहादुर दो दिन पहले घर से ससुराल जाने की बात कह कर गया था। लेकिन वह ससुराल नहीं पहुंचा। दीपू के पिता ने ससुराल फोन करके जानकारी ली, इसके बाद परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश करने लगे 2 दिन तक कोई सुराग नहीं लगा।

रविवार को महोबा खजुराहो रेल लाइन के किनारे लगे बबूल के पेड़ में देवेंद्र उर्फ दीपू का शव लटका पाए जाने की सूचना जीआरपी ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को दी। सूचना पर महोबा आये मृतक के परिजनों ने कोतवाली में दी गई तहरीर में देवेंद्र की हत्या कर शव को बबूल के पेड़ में लटकाए जाने का आरोप लगाया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है, लेकिन पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

# आग लगने से नया काऊ कैचर वाहन जला

कार्यालय संवाददाता महोबा


काऊ कैचर वाहन की आग बुझाता चौकीदार। अमृत विचार

- विकासखंड चरखारी कार्यालय परिसर में लगी आग, कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** विकासखंड चरखारी कार्यालय परिसर में सुबह के समय आग लग गई। आग की लपटे देख चौकीदार ने शोर मनाया, जिससे लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच चौकीदार द्वारा अग्निकांड की सूचना अपने अधिकारियों को दी गई। लोगों द्वारा आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक परिसर में खड़ा नया काऊ कैचर वाहन और ब्लाक में चल रहे सुंदरीकरण कार्य सहित तमाम सामान आग की भेंट चढ़ जाने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। प्रभारी खंड विकास अधिकारी द्वारा घटना की रिपोर्ट थाना चरखारी में दर्ज करा दी गई है। विकासखंड चरखारी कार्यालय में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई और धुंआ और आग की लपटें देख ब्लाक के बाहर खड़े चौकीदार ने शोर मचाते हुए लोगों को एकत्र किया और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन अचानक लगी आग की लपटें बढ़ गईं और सभागार में रखे मुख्य दरवाजे पर खड़ी काऊ कैचर वाहन भी आग की चपेट में आ गया। अग्निकांड की सूचना मिलते ही प्रभारी खंड विकास अधिकारी चेतराम वर्मा, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव घटना स्थल पर पहुंचे और सर्वप्रथम प्रभारी खंड विकास अधिकारी द्वारा थाना चरखारी में रिपार्ट दर्ज कराई। बताया कि इस आग की घटना से करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# 13 उप निरीक्षक किए गए इधर से उधर

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ इरज रजा ने 13 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया।

उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार को कैलिया से चुर्खी, उप निरीक्षक गीतम सिंह को थाना नदीगांव से थाना कोटरा, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना माधौगढ़ का स्थानांतरण रद्द कर वरिष्ठ उप निरीक्षक नदीगांव बनाया गया है। उप निरीक्षण अनिल कुमार को थाना रेंढर से थाना आटा भेजा गया। जबकि उप निरीक्षक सचिन शुक्ला को थाना कदौरा से वरिष्ठ उप निरीक्षक कुठौंद बनाया गया, उप निरीक्षक विपिन द्विवेदी को कोंच से वरिष्ठ उप निरीक्षक माधौगढ़, उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी को थाना कालपी से प्रभारी रामगंज चौकी बनाया गया।उ प निरीक्षक मोहित यादव को चौकी प्रभारी रामगंज कालपी से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया। इसीतरह अन्य के तबादले हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### किराया मांगने पर ई-रिक्शा चालक को पीटा


उपचार कराता चालक।

**महोबा।** शहर के मोहल्ला समदनगर में चालक ई-रिक्शा में सवारी बैठकर ले गया और पहुंचने पर पैसे मांगे तो दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीट दिया और मौके से भाग गए। पीड़ित को राहगीरों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसने सदर कोतवाली पहुंचकर दबंगों के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़ित अमर सिंह निवासी बिच्छू पहाड़िया कॉलोनी महोबा ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है शनिवार की शाम शहर के डाकबंगला के पास से कुछ दबंग आए और मोहल्ला समदनगर जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठ गए। किराया मांगने पर सभी भड़क गए और चालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।


मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि देते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### मुखर्जी ने अपना जीवन राष्ट्र की प्रगति पर समर्पित किया

**महोबा।** मंडल खरेला के बूथ नं. 304 में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता भारतीय जनसंघ के संस्थापन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुन्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, जहां पर जिलाध्यक्ष ने मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उधर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय महोबा में भी भाजपाइयों द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए बलिदान दिवास मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की प्रगति और गौरव के लिए समर्पित कर दिया। इस दौरान जिला मंत्री ने रोशन सिंह, मंडल प्रभारी शैलेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष रूद्रप्रकाश शुक्ला, वार्ड सभासद भानु प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह, शक्ति प्रभारी प्रवीण तिवारी, मंडल मीडिया प्रभारी आर्यन, ईशान अरविन्द सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उधर महोबा के भाजपा कार्यालय में पुन्यतिथि मनाई गई। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में 153 मरीजों का किया इलाज

**कुरारा(हमीरपुर)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में उपचार के लिए सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो गया जिसके तहत 153 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें ज्यादातर बुखार उल्टी, दस्त के मरीजों का उपचार किया गया। स्थानीय सीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 153 मरीजो का ओपीडी में उपचार किया गया। जिसमें 37 लोगों की जांच की गई। 10 बीपी व 5 शुगर की जांच की गई। साथ ही पांच गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। अन्य ज्यादातर बुखार, उल्टी, दस्त के मरीजों का उपचार किया गया।

### पतियों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी

**जालौन।** अलग-अलग मामलों में पत्नियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी संजू देवी पत्नी कुलदीप व तोपखाना निवासी इंद्र देवी पत्नी राजू ने पुलिस को बताया कि उनके पति आए दिन घर में विवाद करते रहते हैं। जिससे घर का माहौल खराब हो रहा है। कई बार समझाने के बाद भी उनकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है। पीड़िताओं ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह वह घर पर काम कर रही थीं। तभी पति वहां आए और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

अव्यवस्था — उपजिलाधिकारी बोले लेखपाल भेजकर जांच कराई जाएगी

# खेतों में डालनी थी मिट्टी, संस्था बेच रही

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा


जेसीबी लगाकर तालाब से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर में भरते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खेतों की उपज बढ़ाए जाने के लिए तालाबों की मिट्टी खोद कर किसानों के खेतों में डाली जानी है, लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा प्रति ट्राली 300 से 400 रुपये में मिट्टी बेची जा रही है। मिट्टी सस्ती होने पर तमाम लोग अपने घरों की पुराई कराने में जुट गए, जिससे संस्था भी अधिक आमदनी कमाने के चक्कर में खेतों में मिट्टी डालने की सुध तक नहीं ले रही है। प्रतिदिन मिट्टी पुराई में लाखों रुपये के बारे न्यारे हो रहे हैं। इतना ही नहीं सूह की महिलाओं से खेतों में मिट्टी डाले जाने की बात कहकर उनके अंगूठे तक लगवाए जा रहे हैं।

तहसील क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी स्थित चौबे तालाब की खोदाई का कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि इस कार्य को एक संस्था के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन यह कार्यदायी संस्था सभी नियम कानून को ताक में रखकर अपने कार्य को कराने में लगी हुई है। किसानों का कहना है कि तालाब खोदाई की मिट्टी किसानों के खेतों में डाली जानी है, लेकिन कार्यदायी संस्था नियमों को ताक में रखकर खुलेआम तीन से चार सौ रुपये में प्रति ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी बेचकर लाखों के वारे न्यारे करने में लगी है। मौके पर कोई कार्यदाई संस्था का कर्मचारी मौजूद नहीं देखा गया। संस्था से जुड़ी एक महिला से इस सम्बन्ध में जानकारी चाही गई, तो उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। ग्रामीण समूह की महिलाओं ने बताया कि एक संस्था के लोग आकर हम लोगों से अंगूठा निशानी आदि लेकर चले गए थे, लेकिन अब यह समूह की महिलाएं मानक के विपरीत कार्य कराने पर नाराज़ हैं और उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की बात कही है।

> चौबे तालाब की मिट्टी खोदाई के बारे में जानकारी नहीं है, हल्का लेखपाल को भेजकर जांच कराकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा




**अमृत विचार।** कुलपहाड़ राठ मार्ग में ग्राम महुआ के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्राम सहायता समूह की एक महिला की मौत हो गई जबकि उसकी साथी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतका के परिजनों ने थाना पनवाड़ी मे घटना की तहरीर दे दी है। पुलिस कार्रवाई करते हुए वाहन चालक का पता लगाने में जुटी हुई है।

थाना पनवाड़ी के ग्राम महुआ निवासी रामादेवी 27 पत्नी शिवकुमार राजपूत ग्राम सहायता समूह महुआ में काम करती है शनिवार की देर शाम को रामादेवी अपनी साथी एक अन्य महिला के साथ सहायता समूह केंद्र से वापस लौट रही थी जैसे ही दोनों महिलाएं सड़क पर पहुंची तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे रामदेवी और उसकी साथी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले जाया गया जहां से ने डॉक्टर ने रामादेवी को मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया रास्ते में रामदेवी की मौत हो गई, जबकि उसकी साथी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराकर इलाल किया जा रहा है। जहां पर उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# पेड़ पर संदिग्ध हालात में लटका मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में मची सनसनी

## पत्नी ने लगाया परिजनों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



मूरत सिंह।



घटनास्थल पर जांच करती कोतवाली पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कसबे के हमीरपुर रोड़ स्थित साईं मंदिर के पासएक नीम के पेड़ पर एक अधेड का शव फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है।

जरिया थाने के पचखुरा गांव निवासी मूरत सिंह (55) अपने परिवार के साथ रहता था। रविवार की सुबह हमीरपुर रोड़ पर साईं मंदिर के पास लगे एक नीम के पेड़ पर उसका शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। बता दें कि बीते 5 दिन पहले संपत्ति के विवाद के चलते परिवार के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर मूरत सिंह के साथ मारपीट की थी। अगले दिन 19 जून को मूरत सिंह ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर और राठ कोतवाली सहित जरिया थाने में पहुंचकर लिखित तहरीर दी थी।

संपत्ति विवाद के चलते परिवार के आधा दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने एवं उसकी हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई थी। परंतु पुलिस ने पीड़ित की नहीं सुनी। वहीं घटना को लेकर मृतक की पत्नी आशा ने परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि उसकी कोई संतान नहीं है। जिसके चलते उसके परिवार के लोग उसकी संपत्ति को हड़पना चाहते थे। संपत्ति हड़पने के लालच के चलते परिवार के ही लोगों ने उसके पति की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया है। कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कराई जाएगी।

- 5 दिन पूर्व परिजनों ने संपत्ति बंटवारे पर की थी मारपीट

### पति की मार से बेहोश हालत में मिली महिला

**कुरारा(हमीरपुर)।** मुख्यालय के रमेड़ी निवासी उमा 27 पत्नी सुनील हमीरपुर में हाथ ठेली लगाती है। रविवार को अपने पति से मिलने कुरारा आई थी। जहां पति द्वारा पैसे की मांग करने पर महिला ने मना कर दिया। इसपर पति ने मारपीटा। जिससे वह बेहोशी की हालत में कस्बा के लालमन पुलिया के पास पड़ी थी। दुकानदारों ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे डायल 112 के कर्मियों ने महिला को ई रिक्शा से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। हालत में सुधार होने पर महिला ने चिकित्सकों को बताया कि पैसे देने से इनकार करने पर पति ने बुरी तरह मारपीट की और लालमन की पुलिया के पास छोड़कर चला गया।

## युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के बिदोखर मेंदनी के एक युवक का महोबा जनपद के चादौं गांव के पास बबूल के पेड़ पर लटकता मिला। पिता ने हत्या करके शव लटकाने की बात कही है। पुलिस आत्महत्या बता रही है।



दीपेंद्र।

बिदोखर मेंदनी निवासी राम बहादुर पाल ने बताया कि उसका पुत्र दीपेंद्र उर्फ दीपू (27) कस्बे के बांकी मार्ग में किराए का कमरा लेकर रहता था। बीते बृहस्पतिवार को यह बाइक से अपनी ससुराल बिलौटा कुरारा पत्नी को लेने गया था। शुक्रवार को शाम करीब 5:00 बजे यह पत्नी को बगैर लिए वापस लौट आया और कमरे में बाइक खड़ी करके कहीं चला गया। शनिवार दोपहर उसका शव महोबा कोतवाली के चादौं गांव के समीप निर्जन स्थान पर बबूल के पेड़ पर लटकता मिला। जिसकी सूचना महोबा पुलिस ने फोन पर दी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। घटना से पिता राजबहादुर, मां बिट्टो, भाई सत्येंद्र पाल, पत्नी नीतू, पुत्र पीयूष का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के ताऊ लाला भैया पाल ने हत्या की आशंका जाहिर की है।





सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान मंच पर खड़े वर वधु। अमृत विचार

## एक-दूजे के हुए दो जोड़े लोगों ने दिया आशीर्वाद

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पवई गांव में सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन

**अमृत विचार।** पवई गांव में भगवान बुद्ध समिति द्वारा सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में दो शादियां संपन्न हुई। इस दौरान मौजूद लोगों ने वर वधुओं को आर्शीवाद दिया।

रविवार को आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार राजपूत ने किया। इसके बाद बहपुर गांव निवासी प्रियंका अनुरागी ने अंशमान निवासी रामनगर महोबा के गले में वरमाला डालकर शुरू की। इसके बाद वर्षा प्रजापति ने राहुल कुमार प्रजापति उमरिया के गले में वरमाला डाली। विवाह सम्मेलन में धूराम आचार्य, लीलाधर, बाबूराम, प्रेम नारायण, देवीदीन, दिनेश कुमार, मनमोहन, धीरेन्द्र कुमार, गोकुल प्रसाद, पुष्पेंद्र कुमार, केशव प्रसाद, किशोरीलाल, जयंत बौद्ध, धनंजय बौद्ध, संध्या बौद्ध व अध्यक्ष मुन्नालाल बौद्ध पवई ने वर वधु को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए शुभ आशीर्वाद दिया।

## मारपीट के मामले में 5 लोगों पर दर्ज की गई रिपोर्ट

**हमीरपुर।** दरवाजे से रिक्शा हटाने को लेकर हुए विवाद व मारपीट करने के मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदुलीतीर निवासी पीड़ित जयराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह पिछले 20 जून को सुबह करीब छह बजे भूसा लेने अपने दूसरे घर गया था। जहां उसके घर के सामने पड़ोसी रामसनेही अपना रिक्शा खड़ा किए था। उसने रिक्शा हटाने को कहा तो उक्त व्यक्ति गालियां देने लगा। उसने गाली गलौज करने से मना किया तो उक्त लोग रामसनेही, भाई किशोरी, पिता गोपाल, उसकी मां जमनी व पत्नी दुलारी सभी एक राय होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उसकी पत्नी कौशी व राजवती पत्नी प्रमोद ने घटना को देखा व बीच बचाव किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की तथा जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराकर सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज व जानमाल की धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## क्रांतिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी को याद किया

संवाददाता,सुमेरपुर (हमीरपुर)



संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन।

**अमृत विचार।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत संघर्ष और शहादत के साक्षी राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी की जयंती मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी एक सच्चे देशभक्त थे। स्वतंत्रता संग्राम में लाहिड़ी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म बंगाल के पबना जिले के मोहनपुर गाव मे बंगाली ब्राह्मण क्षितिमोहन और बसन्त कुमारी के घर 23 जून 1901 को हुआ था। इनके पिता और भाई बंगाल की क्रांतिकारी संस्था अनुशीलन समिति के सदस्य थे। वह नौ वर्ष की उम्र में बनारस में मामा के यहां रहने लगे थे। उनकी शिक्षा बनारस में हुई, उनको आजादी के संघर्ष की प्रेरणा विरासत में मिली थी। यह शचीन्द्रनाथ सान्याल के सम्पर्क में पूरी तरह क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गये थे। इन्हें काकोरी और दक्षिणेश्वर बम घटना का मास्टर माइंड माना जाता था। उक्त दोनों केस में इन्हें फांसी एवं दस वर्ष की सजा हुई। इन्हें 26 वर्ष की आयु में 17 दिसंबर 1927 को गोन्डा जेल में फांसी दे दी गई। फांसी में चढ़ने के पूर्व वन्देमातरम की हुकार भरते हुए लाहिड़ी के अमर वाक्य आज भी चर्चित हैं। - मैं मर नहीं रहा हूं, अपितु भारत को स्वतंत्र कराने के लिए पुनर्जन्म ले रहा हूं।

## उल्टी-दस्त होने से किशोरी की हुई मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई में एक किशोरी की उल्टी दस्त के चलते इलाज को ले जाते समय मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को गांव में ही किशोरी का अंतिम संस्कार किया गया।

विदोखर पुरई निवासी कालकादीन प्रजापति ने बताया कि उसकी पुत्री सपना (16) को शनिवार को उल्टी दस्त शुरू हो गए। इस दौरान वह घर पर ही बेहोश हो गई थी। उसे इलाज के लिए हमीरपुर लेकर पहुंचे। लेकिन हालत गंभीर होने पर बेटी को तुरंत कानपुर रेफर किया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिस पर शव लेकर वापस लौट आए। रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## नमामि गंगे योजना से खोदी गई पाइप लाइन बन गई मुसीबत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



नमामि गंगे योजना में खोदे गए रास्ते में फंसी गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नमामि गंगा योजना से ग्रामीणों को पानी पहुंचाने के लिए खोदी गई पाइप लाइनों से रास्ते अब मामूली बारिश होते ही लोगों को परेशान करने लगे हैं। ऐसे ही भुलसी गांव में खोदे गए एक रास्ते में गेहूं से भरा ट्रैक्टर ट्राली फंस गया। ग्रामीणों ने खोदी गई लाइनों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। अन्यथा ग्रामीणों का आवागमन अवरुद्ध हो जाएगा।

विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाला भुलसी गांव केन नदी के किनारे हैं। इस गांव को पेयजल संकट से निजात देने के लिए नमामि गंगा की पाइप लाइन यहां भी बिछाई गई है। गांव से पेयजल की टंकी बनी है और सड़क को खोदकर भुलसी तक पाइप तो डालने के साथ नलों को दिखाने के लिए लगा दिए हैं। इस खुदे पड़े मार्ग में कोटेदार सहदेव वर्मा कोटे का अनाज ट्रैक्टर-ट्रॉली से लेकर जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर धंस गया। पूरा गांव निकालने में लगा रहा। कुछ तमाशबीन लोग खड़े-खड़े सरकार को कोसते दिखे। गांव निवासी जितेंद्र ने बताया कि प्रधान लल्लूराम से इस मामले में कहा गया है कि फिलहाल कुछ रास्ते को ठीक करवा दें। लेकिन उन्होंने अभी तक सुना नहीं है।

- बरसात होने पर इन रास्तों पर वाहन निकालना किसी खतरे से कम नहीं

### ग्रामीणों के आवागमन में बाधा बना सिंचाई विभाग

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुढ़ई सिसोलर मार्ग की सड़क खोदकर निकाली गई नहर के बाद इसमें पुलिया निर्माण नहीं कराया गया है। मानसूनी बारिश शुरू होते ही की गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। रविवार को यहां कई छोटे बड़े वाहन फंस गए। सिसोलर गांव के पूर्व प्रधान विजय शंकर प्रजापति और लाला सिंह ने बताया कि बुढ़ई सिसोलर मार्ग से बुढ़ई, गढ़ा, परेहटा व बैजेमऊ आदि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। कहा, अर्जुन सहायक परियोजना से नहर खोदी गई है। सिंचाई विभाग ने सड़क को खोदकर नहर निकाली है। लेकिन अभी तक पुलिया निर्माण नहीं कराया है। जिससे अब बरसात होते ही यहां से निकलना ही मुश्किल हो गया है। बुढ़ई गांव के प्रधान जगदीश प्रसाद कुशवाहा व बक्छा तथा परेहटा के ग्रामीणों ने कहा कि इस पुलिया को फिलहाल प्रशासन या क्षेत्र पंचायत स्तर से अस्थायी व्यवस्था कर निर्मित कराया जाए। जिससे इन गांवों के लोगों के आवागमन की समस्या न हो सके।



## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर

पत्रांक– 90 / न0पं0कु0/नि0सू0/2024–25 दिनांक – 22.06.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / निर्माण कार्य हेतु अर्ह फर्मो को सूचित किया जाता है कि रा0वि0आ0 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्नांकित नाला सफाई कार्य हेतु टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं टेण्डर फार्म निर्धारित नगद मूल्य जमा कर दिनांक 24–06.24 से दिनांक–05.07.24 तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा से प्राप्त किये जा सकते हैं. तथा सीलबन्द टेण्डर दिनांक 06–07–24 को अपरान्ह 1.00 बजे तक नगर पंचायत में रखे टेण्डर वाक्स में डाले जायेंगे, जो इसी दिनांक को निकाय कार्यालय में समय अपरान्ह 3.00 बजे खोले जायेंगे। टेण्डर खोलते समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पंचायत कुरारा में विभिन्न स्थानों पर नालों की सफाई का कार्य। | 4.83 | 9660.00 | 590.00 | 02 माह |
| 2 | नगर पंचायत कुरारां में मगही नाले की सफाई का कार्य। | 4.95 | 9900.00 | 590.00 | 02 माह |
| | योग | 9.78 | 19560.00 | 1180.00 | – |

**निर्धारित शर्तें :–**

1. 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि टेण्डर क्रय करने के साथ नगद /एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप जमा करनी होगी।
2. अनुबन्ध की कार्यवाही टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात् 03 दिवस के अन्दर करनी होगी।
3. किसी एक अथवा सभी टेण्डरों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. टेण्डर स्वीकृत होने के बाद 8 प्रतिशत जमानत एफ0डी0आर0/एनएस0सी0 के रूप में अधिशाषी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करनी होगी।
5. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी। आंगणन में दर्शायी गयी मात्राओं में स्थल की आवश्यकता के अनुसार सक्षम अधिकारियों द्वारा किया गया परिवर्तन टेण्डरदाता को मान्य होगा।
6. योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से अतिरिक्त व्यय रा0वि0आ0/ टाउन फण्ड अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से किया जाएगा।
7. टेण्डर के साथ 100/–रू0 व 10/रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जमा करना होगा जिसका प्रारूप नगर पंचायत से प्राप्त किया जा सकता है।
8. समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के तहत निर्माण कार्य सम्बन्धी नियम एवं शर्ते लागू रहेंगी। जिनका अनुपालन टेण्डरदाता को करना होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर



## बच्चों की मौत पर सांसद ने जताया दुख

संवाददाता,पौथिया (हमीरपुर)



पौथिया गांव में परिजनों से मिलते पूर्व सांसद व एमएलसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेतवा नदी में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से हुई मौत मामले में मृतकों के परिजनों से मिलने राजनीतिक लोगों का गांव पहुंचना लगातार जारी है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व सांसद व एमएलसी ने गांव पहुंच परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

बीते 20 जून को पौथिया गांव के तीन बच्चे बेतवा नदी नहाने गए थे। जहां तीनों की नदी में डूबकर मौत हो गई थी। घटना से पूरे गांव में शोक है। घटना के बाद राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का गांव पहुंचकर परिजनों को ढांढस बधाने के साथ संवेदना व्यक्त करने पहुंच रहे थे। रविवार को एमएलसी जीतेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती शुक्ला सहित अन्य भाजपाईयों ने गांव पहुंचकर मृतक बच्चों के परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

- 20 को बेतवा में नहाने गए 3 बच्चों की डूबकर मौत हो गई थी

## बाइक भिड़ने से तीन लोग घायल

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार जरिया थाने के बैंदा गांव निवासी हरगोविंद अपने पिता ठाकुरदास के साथ बाइक से राठ जा रहे थे। कछवा कलां गांव के पास सामने से आ रहे एक दूसरे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में गुलाब निवासी जिटकिरी के अलावा हरगोविंद और उसके पिता ठाकुरदास सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## बगैर इस्टीमेट के मशीनों से कार्य कराना पड़ा महंगा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर कार्य योजना में शामिल कार्यों का बगैर स्टीमेट तैयार कराए मशीनों से कार्य कराने के बाद इस्टीमेट बनाकर बाद में भुगतान कराने की योजना में शनिवार को डीसी मनरेगा की जांच ने पानी फेर दिया है। बगैर इस्टीमेट के कराए जा रहे तालाब खुदाई के कार्य को श्रमदान घोषित कर देने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया है। ब्लॉक में तैनात कुछ तकनीकी सहायकों ने मनरेगा कार्य कराने के लिए कुछ अलग ढंग के तरीके ईजाद किए हैं। इस अलग ढंग के तरीके से कार्य योजना में शामिल किसी भी कार्य को बगैर इस्टीमेट बनाए शुरू करा दिया जाता है। कुछ ऐसा ही जुगत मवई जार के पाथामाई तालाब में लगाई गई और कार्य शुरू करा दिया गया। तालाब की कुछ मिट्टी ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा के निजी विद्यालय में डाली गई है। शेष तालाब की पार में डाल दी गई है। मामला मीडिया में आने पर डीसी मनरेगा मनोज कुमार राय गांव पहुंचे और जांच के बाद कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया है।

दु :खद | कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे खाली पड़ी जगह पर मिले थे तीन शव

# मोहिनी के पास मिला दिल्ली के लिए बस का टिकट


फालोअप

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- दो बच्चों के साथ आत्महत्या करने का मामला
- आत्महत्या से पहले देर तक किसी से की थी बात

**अमृत विचार।** शनिवार को भाई से झगड़कर घर से दिल्ली जाने के लिए निकली मोहिनी ने अपने दो बेटों के साथ कस्बा के बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे खाली पड़ी जगह में जहर खाकर बच्चों समेत अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इस घटना से कस्बा और पूरे क्षेत्र के लोग सन्न रह गए और तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे। उधर पुलिस भी इस बड़ी घटना को लेकर प्रत्येक पहलू की जांच करने में जुटी है।

अमृत विचार की टीम ने अपनी जांच में पाया कि मोहिनी (26) अपने घर बंडवा से करीब 9 बजे दिल्ली के लिए दोनों बच्चों गौतम और हर्ष के साथ निकली थी। दोपहर करीब 1:26 बजे वह दिल्ली जाने वाली प्राइवेट कंपनी की बस के ऑफिस बीटी ट्रैवल्स पहुंची। ट्रैवल्स के संचालक ने बताया कि मोहिनी अपने बैग और बच्चों सहित ऑफिस आई थी और दिल्ली के परी चौक के लिए सिंगल स्लीपर का टिकट बुक कराया था। उसने शाम को 6:00 बजे जाने वाली गाड़ी से जाने की बात कही और कहा कि बाकी के 500 रुपये बस जाने से पहले दे देगी। अपना बैग ट्रैवल्स के ऑफिस में रखकर वहीं बाहर बैठ गई। ट्रैवल्स संचालक ने कहा कि जब आई थी तब मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी और ऑफिस के बाहर भी बहुत देर बैठकर मोबाइल से बात करती रही। फिर बच्चों के साथ बाजार की तरफ निकल गई। लौट कर आई तो ट्रैवल्स ऑफिस के नीचे एक मोबाइल शॉप के बाहर बैठकर बहुत देर तक फोन पर बात करती रही। यह सब मोबाइल शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। लोगों का कहना है कि मोबाइल में बात करने के दौरान उसका किसी के साथ झगड़ा हुआ होगा। इसी को लेकर उसने ऐसा कदम उठाया। तो वहीं उसके पास जहरीला पदार्थ कहां से आया यह अब तक अनसुलझा सवाल बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे ने बताया कि मृतका का मोबाइल पुलिस के पास सुरक्षित है।





मोहिनी के पास मिला टिकट।

जिसे एक्सपर्ट से खुलवाकर कॉल डिटेल निकाली जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उससे पूछताछ की जाएगी।

उधर रविवार को मोहिनी की मां राजकुमारी और भाई गोलू परिजनों के साथ शवों के पोस्टमार्टम के लिए गए हैं। बता दें कि मोहिनी और बड़े बेटे गौतम का पोस्टमार्टम राठ में हो रहा है, जबकि छोटे बेटे हर्ष का हमीरपुर में। वहीं इस घटना को लेकर बंडवा के पूर्व प्रधान अवधेश सोनकिया ने कहा कि पति हेमंत से अलग होने के बाद मोहिनी आर्थिक समस्याओं से जूझ रही थी। दो बच्चों समेत अपना खर्च उठाना उसके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था।

मायके पक्ष के लोग भी मदद नहीं कर रहे थे। जिससे वह बहुत परेशान भी थी। कहा कि तीनों के एक साथ जहर खाकर मरने की घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीण उसके कष्ट भरे जीवन को लेकर संवेदना जाता रहे हैं। बताया कि पूरा गांव तीनों शवों के आने का इंतजार कर रहे हैं। मृतका के भाई गोलू ने बताया कि बहनोई हेमंत से संपर्क नहीं हुआ है। कहा कि उनके पास उसका न तो फोन नंबर है और न ही उनसे किसी प्रकार का संपर्क। कहा कि मालूम नहीं उसको इस घटना की जानकारी है भी या नहीं।

## दंपति के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के जमौड़ी गांव में पिता पुत्र ने एक दंपत्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित महिला ने जरिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

जरिया थाना क्षेत्र के जमौड़ी गांव की निवासी महिला कीर्ति पत्नी फूल सिंह ने जरिया थाने में तहरीर दी है कि वह घर में कार्य कर रही थी तभी उसके परिवार का ही युवक तीरथ और उसका पिता जयसिंह उसे गालियां देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसका पति फूल सिंह उसे बचाने के लिए दौड़ा तो उक्त दोनों ने उसके पति फूल सिंह के साथ भी जमकर मारपीट कर दी।



## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर

पत्रांक :– 91 / न0पं0कु0 / पार्किंग नीलामी / 2024–25 दिनांक:– 22/06/24

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुरारा जनपद हमीरपुर के वर्ष 2024–25 की अवशेष अवधि के लिए निम्नांकित ठेकों की नीलामी बोली दिनांक 02.07.24 को कार्यालय नगर पंचायत कुरारा में अपरहान्य 2.00 बजे करायी जायेगी। जो व्यक्ति नीलामी बोली में भाग लेना चाहते हों वह निर्धारित शर्तो के तहत नीलामी बोली में भाग ले सकते है। नीलामी शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है जिनका प्रकाशन कार्यालय नोटिस बोर्ड पर भी कर दिया गया है।

**नीलामी ठेकों का विवरण**

1. पार्किंग शुल्क वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि– 25000/–
2. हड्डी चमड़ा संग्रह वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि 2000/–
3. विज्ञापन शुल्क वसूली वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि – 2000/–

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

# एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस नीचे गिरी

## 40 लोग घायल, जौनपुर से दिल्ली जाते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सुबह हुआ हादसा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- बस चालक को झपकी लगने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटी खाकर नीचे गिरी
- 12 यात्रियों को गंभीर हालत में सीएचसी से तिर्वा मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

**अमृत विचार।** जौनपुर से 110 यात्रियों लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटे खाकर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में करीब 40 यात्री घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 12 यात्रियों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा समेत कई थानों की पुलिस के अलावा एंबुलेंस व पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये, जिन्होंने राहत व बचाव कार्य में मदद की।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव गढ़ापुरवा निवासी सौरभ कुमार (25) पुत्र छोटेलाल आरएस यादव की डबल डेकर बस जौनपुर से 110 यात्रियों को बैठा कर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दिल्ली जा रहा था। बस सौरिख थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह 3:50 पर ग्राम नगला वीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 159 पर पहुंची। उसी समय बस चालक सौरभ को झपकी आ गई। इससे बस एक्सप्रेस- वे की डिवाइडर व जाली को तोड़ते हुए कई पलटे खाते हुए नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में बस में चीख पुकार मच गई। इस दुर्घटना में 35 से 40 यात्री घायल हो गये। घटना की जानकारी होते ही सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना पर थाना सौरिख, छिबरामऊ, हसेरन, तालग्राम, तथा यूपीडा की लगभग 12 एंबुलेंस व सौरिख, सकरावा, छिबरामऊ समेत कई थाने की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को राहत व बचाव कार्य में जुट गये। करीब 30 सवारियों को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां से 12 लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। 10 से 12 यात्रियों को मामूली चोटें आई थी, जिनका एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही एक्सप्रेस वे पर एएसपी डॉ. संसार सिंह, एसडीएम उमाकांत तिवारी, एवं क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा समेत कई थाने के प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से हटकर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।


दुर्घटना के बाद बस को उठाती क्रेन। अमृत विचार

### ये हैं मेडिकल कॉलेज में भर्ती

- विशाल, सूरज गिरि, कल्पना शर्मा, ऐजाद, पंकज पाण्डेय, अभिनव ओझा, संगीता राय, प्रदीप पाण्डेय, अनुज यादव, चालक सौरभ, पंकज कुमार, अतुल को मेडिकल कालेज में उपचार दिया जा रहा है।

### यात्रियों ने लगाया लूटपाट का आरोप

- एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों ने बचाव कार्य कर रहे स्थानीय लोगों पर लूटपाट के आरोप लगाये। घायलों ने अस्पताल में बताया कि घटना के बाद आसपास गांव के ग्रामीणों ने बचाव न करते हुए कई सवारियों के मोबाइल व नगदी पार कर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह का कहना है मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में ये लोग हुए घायल

- जंग बहादुर निवासी ग्राम मुलनापुर थाना बदलापुर जिला जौनपुर, लकी बिंद निवासी ग्राम व पोस्ट रसड़ा थाना बरदह जिला आजमगढ़, इशिका निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, सत्यम निवासी शिशवापुर रामपुर बेताना अम्बेडकरनगर, आराधना निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद थाना फरीदाबाद जिला फरीदाबाद हरियाणा, फरहान पुत्र निवासी कायामुद्दीनपुर शेखपुरा थाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर, काजल तिवारी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राहुल तिवारी निवासी तिवारीपुर रामपुर जौनपुर, राघव तिवारी निवासी तिवारीपुर रामपुर जौनपुर, इला द्विवेदी निवासी अजियाउर देवी निवासी ऊंचगांव थाना धमोर जिला सुल्तानपुर, विकास मौर्य निवासी रामदासपुर निवादा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर, पूर्णिमा मौर्य निवासी बरसठी थाना बरसठी जिला जौनपुर, शिवम निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद थाना फरीदाबाद जिला फरीदाबाद हरियाणा, अनीता सिंह पुत्री निवासी जलालपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर, अभिषेक कुमार करावल दिल्ली,विशाल विश्वकर्मा निजामपुर ऐरूला आजमगढ़, सूरज कुमार पूरे गुसाइपुरवा जगदीशपुर अमेठी, कल्पना शर्मा दयालपुर दिल्ली, ऐजाद धर्म मुण्डेरा दरूलिया आजमगढ़, पंकज पाण्डेय सुल्तानपुर मालीपुर अम्बेडकरनगर, अभिनव ओझा जयसिंह पुर सुल्तानपुर, चिन्मय राय साईं नगर दिल्ली, संगीता राय साईं नगर दिल्ली, शांतनु राय साई नगर दिल्ली, प्रांजल पाण्डेय अकबरपुर एरौली अम्बेडकरनगर, प्रदीप पाण्डेय अकबरपुर एरौली अम्बेडकरनगर, अनुज यादव मखमलपुर सरायकुआं जौनपुर,चालक सौरभ गड़ापुरवा ठठिया कन्नौज, विजय कुमार टांडा बिराहिमपुर अम्बेडकरनगर, अनिल कुमार खासपुर अलीगंज अम्बेडकरनगर, अखिलेश बेनीपुर सरैया जौनपुर, अनन्या खेता सराय जौनपुर, अजय मदराह शाहगंज जौनपुर, आदर्श सैनी जैनापुर जलालपुर अम्बेडकरनगर, अनीस मदराह शाहगंज जौनपुर, पवन गिरि बिलव ई महाबपुर सुल्तानपुर, नीलकमल जमुरावां मोहनगंज अमेठी, पंकज शिशवा बबाना अम्बेडकरनगर, रूचि सिंह जमुरावां मोहनगंज अमेठी, बेबी जमराह मोहनगंज अमेठी, अतुल शाहगंज बकुची जौनपुर घायल हुए।

# ई-पॉश मशीन में बांट रखकर राशन तौलने वाले का कोटा निलंबित

कार्यलय संवाददाता उरई

- कोटेदार ने घटतौली का नया तरीका किया ईजाद, जरा गांव में सामने आया मामला

**अमृत विचार।** शासन प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद बेइमानों की बेईमानी खत्म नहीं हो रही है। ऐसा ही एक मामला जालौन की एक सरकारी राशन की दुकान का सामने आया है, जहां पर कोटेदार ने सरकार द्वारा घटतौली रोकने के लिए इजाद की गई ई-पाश मशीन को भी फेल करने का नया तरीका ढूंढ निकाला और ई-पाश मशीन के ऊपर एक किलो का बांट रखकर राशन वितरण करने लगा ।

वहां पर मौजूद किसी व्यक्ति ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया, जिससे हरकत में आए प्रशासन ने कोटा निलंबित कर जांच शुरू कर दी है। मामला कोंच तहसील के जरा गांव का है, जहां पर घटतौली के आदी कोटेदार सुरेश चंद्र ई पाश मशीन के ऊपर एक किलो का बांट रखकर राशन बांटने लगा, ई पाश मशीन इजाद होने के पहले से एक किलो राशन काम लेने के आदी बन चुके गरीब उपभोक्ता ने भी इसका विरोध नहीं किया, मगर सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो ने बेईमान कोटेदार की पोल खोलकर रख दी। जिलाधिकारी ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कोटा निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए है।


बांट रखकर राशन तौलता कोटेदार।

### वायरल वीडियो की जांच

कोंच तहसील के पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी ने कहा की जिलाधिकारी के निर्देश पर घटतौली के वायरल वीडियो की जांच की गई, जिसकी पुष्टि ग्रामीणों ने भी की है, जिससे तत्काल प्रभाव से जरा गांव की सरकारी राशन की दुकान निलंबित कर दी गई है । पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि इसके पहले किसी ग्रामीण या राशन उपभोक्ता ने उन्हें इस गड़बड़ी की जानकारी नहीं दी, नही तो पहले ही कार्रवाई हो जाती।

# ट्रक ने पिकअप में मारी टक्कर, चार घायल

संवाददाता,सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** उन्नाव जनपद के शाहपुर औरास निवासी चालक रामकृष्ण पुत्र सोनेलाल प्रजापति साथी हेल्पर रामू पुत्र रामचरण के साथ पिकअप में आम लादकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से आगरा जा रहा था। किलोमीटर 148 पर करीब रात तीन बजे चालक पिकअप को पीली पट्टी पर खड़ी कर लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान पीछे से मक्का लादकर भीलवाड़ा राजस्थान जा रहे ट्रक चालक यादराम ने पिकअप में टक्कर मार दी। घटना में ट्रक चालक यादराम, क्लीनर राकेश पिकअप चालक रामकृष्ण हेल्पर रामू घायल हो गए।

# परिजनों के सहयोग से किशोरी को भगाया

**गुरसहायगंज।** ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 जून की शाम गांव का विकास चौहान परिजनों गेंदालाल, शेर सिंह व राकेश के सहयोग से उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अनुदान पर सोलर पंप लेकर कृषि को उन्नत बनाएं किसान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- उप कृषि निदेशक ने किसानों से ऑनलाइन बुकिंग का किया आह्वान

**अमृत विचार।** कृषक 60 फीसदी अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करें और कृषि को उन्नतशील बनाकर समुचित लाभ उठाए। इसमें 10 एचपी के सोलर पंप को छोड़कर सभी सोलर पंपों में शासन द्वारा 60 फीसदी का अनुदान देय है।

उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि सोलर पंपों की आनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया बीती 27 फरवरी से शुरू कर दी गई थी जो अभी भी जारी है। जिसके लिए कृषक का पंजीकरण होना आवश्यक है, जो विभागीय बेवसाइट पर सोलर पंप के लिए बुकिंग करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दो एचपी डीसी व दो एचपी एसी सरफेस पंप की कीमत 171716 रुपए है। इन दोनों पर ही अनुदान 103030 रुपए देय है। इसी प्रकार से दो एचपी डीसी समरसेबल पंप की कीमत 174541 रुपए है व अनुदान 104725 रुपए है। दो एचपी एसी समरसेबल पंप की कीमत 174073 रुपए है और अनुदान 104444 रुपए देय है। तीन एचपी डीसी समरसेबल पंप की कीमत 232721 रुपए हैं व अनुदान 139633 रुपए देय है। तीन एचपी एसी समरसेबल पंप की कीमत 230445 रुपए है और अनुदान 138267 रुपए देय है। पांच एचपी समरसेबल पंप की कीमत 327498 रुपए है और अनुदान 196499 रुपए है। साढ़े सात एचपी एसी समरसेबल पंप की कीमत 444094 रुपए है और अनुदान 266456 रुपए है। इसी प्रकार से 10 एचपी एसी समरसेबल पंप की कीमत 557620 रुपए है और इस पर भी अनुदान 266456 रुपए देय है। उन्होने बताया कि सभी सोलर पंपों की बुकिंग के लिए कृषक को टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपए अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि यह लाभ जनपद के 37 सौ किसानों को उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बुकिंग के लिए टोकन मनी कृषक इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा कर सकते हैं।

# शिवम गुर्जर गैंग पर तीसरी बार गैंगस्टर की कार्रवाई

संवाददाता,उरई

**अमृत विचार।** शिवम गुर्जर पर पहले दो बार हो चुकी है गैंगस्टर की कार्यवाई और अब तीसरी बार माधौगढ़ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्यवाई की है ।

दूसरी बार हुई गैंगस्टर की कार्यवाई के बाद शिवम गुर्जर पुत्र दुष्यंत गुर्जर , चरित्र गुर्जर पुत्र राजीव गुर्जर, सुंदर पुत्र रणधीर सिंह राजावत तथा शिवम गुर्जर नागरी पर भाजपा नेता हरिओम पचौरी की हत्या, रामबाबू सोनी के साथ हुई लूट, बंगरा निवासी विजय सिंह के साथ मारपीट करने पर मारपीट का मुकदमा, संदीप दीक्षित के ऊपर प्राणघातक हमले का मुकदमा, हरेंद्र गुर्जर की पत्नी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के अलावा चाय के होटल में बैठे विष्णु चतुर्वेदी से रंगदारी से पैसे मांगना, तथा कोटरा थाने में पिछले माह पकड़ी गई असलहा फैक्ट्री में निर्मित अवैध असलहों की बिक्री करने में संलिप्तता पाए जाने, जैसे दर्जनों मुकदमे दर्ज हुए हैं, जिसपर माधौगढ़ पुलिस ने तीसरी बार गैंगस्टर की कार्यवाई की है, और चलअचल संपत्ति को जब्त करने की कार्यवाई की तैयारी कर रही है।

शिवम गुर्जर गैंग में शामिल चरित्र गुर्जर राजीव गुर्जर, सुंदर उर्फ लवावीर पुत्र रणधीर सिंह राजावत, तथा शिवम गुर्जर नागरी (द्वितीय) पुत्र उदयभान निवासी गण बंगरा पर भी कार्यवाही की गई है, जिनकी चल अचल संपत्ति की खोज में पुलिस जुट गई है।

# चेयरमैन के खिलाफ खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता उरई

- गौशाला , स्वच्छता मिशन व प्रकाश व्यवस्था की खोली पोल
- सभासदों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रखी पांच सूत्री मांगें

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चलते शांत बना रहा नगर पंचायत रामपुरा के सभासदों ने भाजपा के चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत रामपुरा के आठ सभासदों ने उपजिलाधिकारी माधौगढ़ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अमित शेखर को दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि नगर पंचायत का माहौल एक दम सभासदों के विपरीत चल रहा है जिसमें कई सभासदों को बोर्ड मीटिंग अथवा किसी प्रकार की बैठक में शामिल नहीं किया जाता है। सभासदों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत में स्वछता मिशन की सरेआम धज्जियां उड़ायी जा रही है, तो वहीं पानी की किल्लत से त्राहि त्राहि मची है, कई शिकायतों के बाद भी सुनवायी नही हो रही है, और सरकार की महत्वाकांक्षी सौर पुंज योजना को कार्ययोजना में शामिल किया गया था, लेकिन सौर पुंज योजना पर कोई कार्य नहीं किया गया है। सभासदों ने मुद्दा उठाते हुए कहाकि उन्हें सौर पुंज योजना का ब्योरा दिया जाये। जबकि नगर पंचायत से ब्योरा मांगा गया तो उन्होंने साफ इंकार करते हुए कहा कि इसकी फाईल गुम हो गयी है। ज्ञापन लेते हुए तहसीलदार अमित शेखर ने सभासदों से पूरी जानकारी ली और ज्ञापन को उपजिलाधिकारी के समक्ष रखकर समूची जानकारी देने का भरोसा दिया।


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते सभासद। अमृत विचार

# आरोपियों के परिजनों से पूछताछ कर रही पुलिस

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान कुछ लोगों ने विवाद के बाद तीन लोगों के साथ जमकर मारपीट की थी। इसमें अरबाज की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने आठ लोगों को चिन्हित कर लिया है जबकि अन्य पांच की पहचान की जा रही है।

कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार की दोपहर लगभग 4:30 बजे पश्चिमी बाईपास स्थित स्विमिंग पूल पर नहाने के दौरान नगर निवासी युवकों ने शबेआलम, शाहिबेआलम और उसके भतीजे अरबाज के साथ मारपीट की थी।

# छात्राओं के लिए बनेंगे आकस्मिक उपचार कक्ष

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- राज्य परियोजना निदेशक ने जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** अब राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छात्राओं के आकस्मिक उपचार के लिए कक्ष बनाए जाएंगे। विद्यालय अवधि में अगर छात्राओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं मासिक धर्म से संबंधित कोई समस्या होती है, तो उसका समाधान इस कक्ष में किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कंचन वर्मा ने इसके निर्देश दिए हैं। स्कूल समय में बालिकाओं को कोई समस्या होने पर आसपास के पीएचसी या सीएचसी से महिला डॉक्टरों को बुलाया जाएगा। डाक्टरों को बुलाने की जिम्मेदारी विद्यालय नोडल शिक्षिका या सह नोडल शिक्षिका की होगी। जिसे छात्राओं की देखरेख एवं सहयोग के लिए मनोनीत किया गया है। छात्राओं को सामान्य उपचार की आवश्यकता पड़ती है तो उसका उपचार नोडल शिक्षिका की ओर से ही किया जाएगा। जिला मुख्यालय में संचालित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित जिले के सभी 31 राजकीय विद्यालयों में जुलाई माह तक आकस्मिक उपचार कक्ष काम करना शुरु कर देंगे। प्राथमिक उपचार किट के लिए आवश्यक दवाओं की खरीद डॉक्टर के परामर्श से की जाएगी। निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा विद्यालय में आवश्यकता अनुसार सेनेटरी नैपकिन बफर स्टॉक के रूप में संरक्षित रखी जाएगी। डीआईओएस पवन कुमार ने बताया कि राज्य परियोजना की निदेशक (समग्र शिक्षा) का आदेश आया है। सभी राजकीय विद्यालयों को निर्देशित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

**उरई।** शौकीन ने गोहन थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी पैशन बाइक रोज की तरह घर के बाहर खड़ी थी, जिसे रात में कोई चुरा ले गया। सुबह जानकारी होने पर खोजबीन की परंतु बाइक नही मिली। पीड़ित ने गोहन थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया है।

### दो लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी 45 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र बल्देव ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। पन्ना जिला के गुलाबी पुर गांव निवासी 18 वर्षीय भगवानदास पुत्र मलखान ने पिता की डाट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ग्रामीणों को दी कानून की जानकारियां

**गुरसहायगंज।** रविवार को ग्राम मझपुर्वा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार व सचिव अपर जिला जज लवली जायसवाल के निर्देशन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधिक सहायता की जानकारी दी गई। इसमें पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने मौजूद ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि इसमें जरूरतमंदों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वैवाहिक विवाद, नालसा हेल्पलाइन नंबर, घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी भी ग्रामीणों को दी। वरासत एवं कृषि दुर्घटना योजना के बारे में बताया और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि हारून सिद्दीकी, प्रधान बिलाल अहमद, जावेद सिद्दीकी, कलीम, उवैद, सूरज मौजूद रहे।

### पानी भरने के विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम ऊंचा निवासी रामखिलावन ने बताया कि पानी भरने के विवाद में गांव के मूलचंद, गटुआ, सुदामा व रोहित ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मवेशी बांधने को लेकर दो पक्ष भिड़े, 11 घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद ने दबंगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट मे एक ही पक्ष के 11 लोग गंभीर घायल हो गए। कोतवाली के बिनौरा गांव निवासी असरफ अली पुत्र असगर अली की गांव में ही खाली जमीन पड़ी है, जिस पर वह अपने जानवर बांधने लगा। उसी जमीन पर गांव के ही अरमान अली भी जानवर बांधने लगा। जब विरोध किया तो कहासुनी होने लगी। जमीन पर कब्जा की नियत से अरमान अली, आमिर अली, नबाबअली, दिलसाद ने जानवर बांधने जा रहे असरफ को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल को सुनकर जब परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक ही पक्ष के असरफ अली पुत्र असगर अली, फारूक अली पुत्र असगर अली, इदरीश अली पुत्र असगर अली, पिंकी पत्नी सोनू, शमशाद अली पुत्र असगर अली, राशिद अली पुत्र अशरफ अली, सोयल अली पुत्र शमशाद अली, निशा फारून पत्नी फारूख अली, नसरीना पत्नी असगर अली, शायदा पत्नी शमशाद अली, अब्दुल कलाम पुत्र असरफ अली घायल हो गए। घायलों को देखकर ग्रामीणों ने उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। पीडित अशरफ अली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना में घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

धर्म-कर्म

दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती के सानिध्य में महिलाओं ने गाए मंगल गीत

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्राचीन पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में सोमवार से होने वाली नौ दिवसीय श्री शक्ति शिवात्मक महायज्ञ और रामकथा को लेकर रविवार को यहां शहर में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। डीजी के धुन में महिलाएं खूब नाची। कलशयात्रा में दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती महाराज व भाजपा जिलाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कलश यात्रा में सिर पर कलश रखे महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

शहर के पातालेश्वर मंदिर परिसर में पहली बार श्री शक्ति शिवात्मक महायज्ञ और रामकथा का आयोजन कल सोमवार से होगा। नौ दिवसीय महायज्ञ व राम कथा चित्रकूट से आए दण्डी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में हो रहा है। जिसमें यज्ञ की वेदी पर पांच कुंड बनाए गए है। यह आयोजन दो जुलाई तक होगा। फिर अगले दिन पूरे क्षेत्र के लिए भंडारे में प्रसाद का वितरण होगा। महायज्ञ और रामकथा के लिए रविवार को पातालेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में दण्डी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती महाराज स्वयं चल रहे थे। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नीलम बाजपेई, राधा चौरसिया, रामदत्त पाठक, उज्ज्वल पाठक, श्रीकांत मिश्रा, पंकज मिश्रा, अरविन्द मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर से बस स्टॉप, आकिल तिराहा, रमेड़ी, सुभाष बाजार, अस्पताल रोड नौबस्ता, कालपी चौराहा, हाथी दरवाजा होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां भोलेनाथ के जयकारा के साथ कलश यात्रा का समापन हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती रही। वहीं डीजे की धुन में बच्चे और युवतियां खूब नाची। कलश यात्रा में देवी देवताओं की झांकियां भी शामिल की गई थी जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# आसमान में बदली से तापमान में आई कमी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**36** डिग्री सेल्सियस अधिकतम पारा

**26** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम पारा

**अमृत विचार।** सुबह से ही उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। हवाएं शांत रहने व चिलचिलाती धूप लोगों को हलाकान किए रही। वहीं दोपहर बाद अचानक से बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। जिले सहित आसपास क्षेत्रों में हुई हल्की से मध्यम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। पारा 40 डिग्री से लुढ़ककर 36 डिग्री पर जा पहुंचा। जबकि न्यूनतम पारा भी 26 डिग्री पहुंच गया। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

रविवार सुबह सात बजे से ही तेज धूप निकल आई थी। हवाएं भी शांत नजर आईं। जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को जूझना पड़ा। हालांकि दोपहर दो बजे के बाद अचानक मौसम ने पलटी मारी और आसमान में घने बादल छा गए। करीब ढाई बजे शुरू हुई हल्की से मध्यम बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया।

केवीके कुरारा की कृषि वैज्ञानिक डॉ. शालिनी ने बताया कि मौसम विभाग की जारी एडवाइजरी के मुताबिक अगले तीन दिन मध्यम से घने बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। अधिकतम तापमान 38-43 डिग्री व न्यूनतम 22-28 डिग्री के बीच रहेगा।

वहीं अधिकतर उत्तरी पूर्वी 12-24 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। कहा कि किसान भाई वर्षा से पूर्व खेतों में अच्छी मेड़बंधी कर दें। जिससे खेत की मिट्टी न बहे तथा खेत की मिट्टी वर्षा का पानी सोख सके। कहा कि हरी खाद के लिए मूंग, सनई व ढैंचा की बुआई अवश्य करें।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सली अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इससे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पहुंचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

# बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

**इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।**

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों ( कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि ) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

**भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज़ किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।**

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्ज़ा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतु के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

## प्रसंगवश

# स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

# बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे



डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना ( बिहार )

**उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?**

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

## सोशल फोरम

# कृषि विज्ञान के जनक



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ, ) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो.. !

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह ( हीनयान ) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

# महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालॉकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

# 'कैच द रेन' के तहत करें जल संचयन : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए दिये दिशा-निर्देश, अभियान की कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा 'कैच द रेन' अभियान की कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



'कैच द रेन' अभियान की बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के केंद्रीय मध्यवर्तनों में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, भू-टैगिंग एवं सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना बनाना, जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना व सघन वनीकरण और जागरूकता सर्जन शामिल है। अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही 'नारी शक्ति से जल शक्ति' के थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम, जनपद की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कराया। इसके अलावा सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के जल प्रभाव में रुकावट को ठीक किया जाए। 'कैच द रेन अभियान 2024' केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

**● मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया जा रहा है अभियान**

इस बात के भी निर्देश हैं कि सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं। इसके अलावा 'कैच द रेन 2024' विषय पर जन जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों एवं समाज में विशेष अभियान, रैलियां, गोष्ठियां, वार्ता आदि का भी आयोजन कराया जाए, जिससे जल संरक्षण एक जन आंदोलन का रूप ले सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एकता त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक एसके उत्तम आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 'आत्मा' गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

उरई (जालौन)। कृषि तकनीकी प्रबंधन समिति 'आत्मा' गवर्निंग बोर्ड की बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें वर्ष 2024-25 के भौतिक-वित्तीय लक्ष्य एवं प्रगति की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया। उप कृषि निदेशक ने पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना की वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला कृषि कार्य योजना, एनएमएस योजना के तहत गठित RAD क्लस्टरों के संबंध में विवरण प्रस्तुत करते हुये अनुमोदन प्रस्तावित किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना में वितरित कराये जा रहे बीजों पर अनुदान के संबंध में जानकारी दी गयी। उक्त के अतिरिक्त रसायनों के अंधाधुन्ध प्रयोग को कम करने के में जानकारी देते हुये कराये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खरीफ सीजन में बीज की कमी न होने पाये एवं योजनाओं से अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित किया जाये। गोष्ठियों, भ्रमण के माध्यम से कृषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी प्रदान करायी जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उपायुक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक सदस्य लक्ष्मीनारायण एवं अन्य कृषक सदस्य उपस्थित रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करते भाजपाई। अमृत विचार

# भाजपाइयों ने मनाया श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में पूरे कालपी नगर के सभी 44 बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया।

भारत सिंह यादव ने मुखर्जी जी के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि डॉ. श्याम प्रसाद जी ने कैसे कश्मीर से धारा 370 को हटाने की लड़ाई शुरू की थी इसी लड़ाई के कारण ही कश्मीर में बंदीगृह में ही उनकी मृत्यु आज के दिन ही 23 जून को हुई थी।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता, अरविन्द राठौर, जगत यादव, प्रकाश माथुर, महेशपाल प्रीतू, जीतू तिवारी, मयंक श्रीवास, आकाश द्विवेदी, राघवेन्द्र सिंह जादौन, अश्वनी तिवारी, राकेश पुरवार, अमित पुरवार , राकेश सविता, विनोद खत्री, सतेन्द्र सिंह चौहान, हर्षित, आदि रहे।

# प्रत्येक वार्ड में जायेंगे सपाई, देंगे धन्यवाद

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सपा को मिली जीत के बाद सपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जन समस्याओं के निदान तथा विकास पर जोर दिया गया।



कार्यक्रम में मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

किला घाट कालपी के परिसर में आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव द्वारा बैठक के एजेंडे में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत कार्यक्रम तथा प्रत्येक वार्ड में जनता के बीच जाकर धन्यवाद आभार जनसंगोष्ठी करने के अलावा जनता से जुड़े 10 बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया। मीटिंग का संचालन कर रहे उबैश पठान सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव देते हुए जल्द ही कार्य प्रारंभ करने की रणनीति बनाई । बैठक में एजेंडे पर अपने अपने सुझाव रखते हुए सज्जन त्रिपाठी , जयवीर सिंह, अमर सिंह चंदेल , इकबाल सभासद , विधानसभा उपाध्यक्ष श्याम यादव , राजकुमार बाल्मीकि ,युनुष खान, ने विचार रखे तथा जनता के बीच जाकर धन्यवाद जनसंगोष्ठी में नवनिर्वाचित सांसद को मौजदगी की मांग पर विशेष बल दिया गया। मीटिंग में प्रमुख रूप से उमदेश यादव , अमर सिंह दादी, रज्जु शेख सभासद , लल्लू भैया सभासद, इकबाल सभासद, दिनेश श्रीवास सभासद, कपिल शुक्ला सभासद, निजाम सभासद, इरफान कुरैशी ,जमील अंसारी , शहबाज सोना, शमसाद कुरैशी,चन्द्रपाल यादव , रामखिलावन यादव , कमलेश अहिरवार , बब्बू श्रीवास, सोनू यादव, दीपू यादव, बलवीर अहिरवार , आकिब कुरैशी, मोहित बाल्मीक, तौहीद सभासद प्रतिनिधि, प्रमोद अहिरवार, आशीष गुप्ता , एहशान राइन , कलीम अंसारी,अखिलेश निपनियां, पीयूष यादव ,पंकज खटीक ,ऋषभ वर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**● लोकसभा चुनाव में मिली सफलता पर सपा की बैठक में विकास पर दिया जोर**

# योग शिक्षिका रजनी पाल को किया सम्मानित

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** विभिन्न विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में तरह-तरह के योग्याभ्यास कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षिका एवं राज योगिनी रजनी पाल को सम्मानित किया गया तथा नागरिकों ने जमकर उत्साह वर्णन किया।

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में यमुना मैया के तट में स्थित किले घाट, बांके बिहारी मंदिर तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार एवं कालपी कॉलेज कालपी आदि स्थानों में राजयोगिनी रजनी पाल ने मंच से उपस्थित नागरिकों, महिलाओं आदि को योग व प्रणायाम के विभिन्न प्रकारों का विधिवत अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। रजनी पाल के अलावा उनकी टीम के द्वारा कार्यक्रमों में सहभागिता दी। हरभूषण सिंह चौहान ने पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, सलीम अंसारी, प्रदीप पाठक व शिक्षकों की उपस्थिति में राजयोगनी रजनी पाल को सम्मानित किया।



योग शिक्षिका रजनी पाल को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

# टायर फटने से डंपर से टकराया डंपर

**जालौन।** आगे चल रहे डंपर का टायर फटने से पीछे चल रहे डंपर की उससे टक्कर हो गई। हादसे में चालक तो बच गया। लेकिन परिचालक घायल हो गया।

रविवार की सुबह एक डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर औरैया की ओर जा रहा था। पीछे से मुकेश कुमार निवासी रत्नेशपुर गुरसराय जिला झांसी डंपर में गिट्टी लादकर औरैया जा रहे थे। उनके साथ परिचालक कैलाश निवासी गुरसराय भी था। आगे चल रहा डंपर जैसे ही एक्सप्रेस वे किमी संख्या 207 सहाव गांव के पास पहुंचा तभी अचानक से डंपर का टायर फट गया और डंपर असंतुलित हो गया। इस हादसे के बाद पीछे चल रहे डंपर का चालक भी नियंत्रण नहीं रख सका और डंपर आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। टक्कर से परिचालक साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें परिचालक कैलाश घायल हो गया। चालक को मामूली चोटें आईं।

## सार-संक्षेप

### 30 जून तक करा लें रजिस्ट्रेशन

**जालौन।** निजी नलकूप उपभोक्ता जिनके बिल मार्च 2023 तक जमा हैं उन्हें बिजली मुफ्त में मिलेगी। जिनके बिल जमा नहीं है वह 30 जून तक रजिस्ट्रेशन करा लें। अन्यथा की स्थिति में उनसे बिल लगता रहेगा। यह जानकारी एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने दी है। एसडीओ बिजली कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार ने निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। लेकिन मुफ्त बिजली उन्हीं निजी नलकूप उपभोक्ताओं को मिलेगी, जिनके बिल 31 मार्च 2023 तक पूर्ण रूप से जमा हैं। हालांकि कुछ उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके बिजली बिल जमा नहीं हुए हैं। यदि किसी कारणवश ऐसे बिजली उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं हो सके हैं। उन्हें सरकार ने एक मौका दिया है। जिन उपभोक्ताओं के बिल 31 मार्च 2023 तक जमा नहीं हुए हैं वह 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराते समय मूलधन का 30 फीसदी उपभोक्ताओं को जमा करना होगा। सरकार ने इसमें ब्याज में छूट देने की भी घोषणा की है। यदि उपभोक्ता एकमुश्त अपना बिल जमा कराता है तो उसे ब्याज में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी। यदि उपभोक्ता तीन किस्तों में बिल जमा करता है तो ब्याज में 90 फीसदी और छह किस्तों में बिल जमा करने पर 80 फीसदी की छूट दी जाएगी। उन्होंने निजी नलकूप उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह इस मौके का फायदा उठाएं और 30 जून से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। कहा कि यदि बिल जमा नहीं होता है तो उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिलेगा।

### जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**जालौन।** विपक्षियों द्वारा गुंडा टैक्स मांगने एवं न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी शिवम गुप्ता ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि विपक्षी उनसे गुंडा टैक्स की मांग कर रहे थे। जब उन्हें गुंडा टैक्स नहीं मिला तो विपक्षियों ने कुछ माह पूर्व उनके व चार अन्य लोगों के खिलाफ एक झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था, जिसमें तलबी आदेश पर उन्हें स्थगन आदेश उच्च न्यायालय से प्राप्त हो गया था और उसने उनकी शिकायत मुख्यमंत्री को भी भेजी है। इससे रंजिश मान बैठे विपक्षियों ने धमकी दी कि वह गंडा टैक्स लेकर रहेंगे और उन्हें उसके खिलाफ एक और झूठा मुकदमा न्यायालय में दायर कर दिया। जिससे वह परिवार के लोग परेशान व भयभीत हैं। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बार-बार ट्रिपिंग व फाल्ट से बिजली व्यवस्था बदहाल

**जालौन।** नगर में बिजली व्यवस्था बदहाल हो गई है। बार-बार ट्रिपिंग व फाल्ट के चलते नगर को बमुश्किल 12 से 13 घंटे बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। जिसके चलते नगर के लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। परेशान लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की है। चार दिन पूर्व से नगर की बिजली व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। एक ओर उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पंखे और कूलर का रुख करते हैं। लेकिन बार बार आती जाती बिजली से लोग परेशान हो उठते हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए घरों और दुकानों पर लगे इलेक्ट्रिक उपकरण शोपीस बनते नजर आ रहे हैं। घंटों के हिसाब से रही अंधाधुंध बिजली कटौती से नगर के लोग परेशान हैं। न उन्हें दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून नसीब हो रहा है। नगर के वैभव अग्रवाल, विपुल दीक्षित, महेंद्र शिवहरे, अफजाल अहमद बताते हैं कि लेकिन स्थानीय स्तर पर कभी फॉल्ट बताकर तो कभी अन्य कोई समस्या बताकर बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। दिन और रात में जब बिजली आती भी है तो कुछ देर में चली जाती है। कई जगहों पर तो वोल्टेज की भी समस्या आ रही है। कहा कि शासन से 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने के निर्देश हैं। इसके बाद भी बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। यदि 20 घंटे भी बिजली मिलती है तो लोगों को काफी राहत होगी। उन्होंने नगर में रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। परेशानी लेकर एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि आंधी के चलते कई जगहों पर पोल टूट गए थे और लाइन गिर गई थी। जिसके कहीं कहीं फाल्ट आदि भी हैं। काम लगातार जारी है, जल्द ही फाल्ट को सही करा दिया जायेगा और पोलों को बदलवा दिया जाएगा। लोग परेशान न हों, दो तीन दिन में नियमित बिजली आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

# छापा मारकर जब्त की गई पॉलीथीन

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** नगर पालिका द्वारा नगर के बाजारों में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की गई जिसमें तकरीबन आधा दर्जन दुकानों से 11 किलो पॉलीथीन तथा प्लास्टिक के गिलास बरामद किए गए। उक्त दुकानों से तकरीबन राजस्व के रूप में 14 हज़ार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर पालिका की इस कार्रवाई से पॉलीथीन का व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया ।

नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर , एस आई देवेंद्र सिंह आदि ने अपनी टीम के साथ शनिवार को नगर के बाजार में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की , जिसमें पॉलीथीन मुक्त अभियान के तहत उक्त दुकानों पर पॉलिथीन तथा प्लास्टिक के गिलासों को खंगाला गया जिसमें तकरीबन एक दर्जन दुकानों से 11 किलो के आसपास पॉलिथीन बरामद हुई तथा कुछ गिलास भी बरामद हुए ,उक्त दुकानों से तकरीबन 14 हज़ार रुपये जुर्माना के तौर पर वसूला गया।

नगर पालिका की इस कार्रवाई से कुछ दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों की सटर गिराकर इधर-उधर भागते नजर आए तो वहीं अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। अब जो भी दुकानदारों के यहां पॉलिथीन पकड़ी गई उस पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन।** नगर के मुहल्ला भट्टीपुरा में 19 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त मामले की विवेचना उपनिरीक्षक वसीम अहमद को सौंपी गई है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 18-6-24 की शाम को मेरी 19 वर्षीय पुत्री अपनी बुआ के घर जाने को कहकर निकली थी। पुत्री जब बुआ के घर नही पहुंची तो मैंने तथा मेरी पत्नी ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। वादी के मुताबिक मेरी पुत्री को आरोपी हैदर पुत्र गुलाब बेग निवासी ग्राम मोहारी थाना कदौरा अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

# बाबई फीडर से लाइन हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** इस भीषण गर्मी में बिजली गुल हो जाने तथा चार-चार दिन बिजली के दर्शन न होने से ग्रामीण गर्मी से बेहाल तथा पानी की बूंद-बूंद को मोहताज होने से एक दर्जन ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी बिजली विभाग को संबोधित एक ज्ञापन जेई को सौंपा है ।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी पंकज सेंगर, सत्येंद्र सेंगर , अन्नू सेंगर, सोहन सिंह, सत्यम, मुलायम सिंह, अर्जुन, देवेंद्र सिंह ,तथा ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र ने उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह को एक ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि जब से उनके गांव की बिजली बाबई फीडर से जोड़ी गई है तब से गांव में बिजली का संकट गहरा रहा है चार-चार दिन बिजली नहीं आती और अगर आ भी गई तो कुछ घंटे ही रहकर फिर गुल हो जाती है।



जेई को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण अमृत विचार

**● ग्रामीणों ने एसडीओ को संबोधित ज्ञापन जेई को सौंपा**

इस भीषण गर्मी में जहां आम जनमानस बेहाल है जिसमें एकमात्र बिजली ही लोगों का सहारा बनी हुई है लेकिन बिजली न आने से ग्रामीण गर्मी से बेहाल हैं ,तथा पानी की बूंद बूंद को भी मोहताज हैं । ग्रामीणों ने बाबई फीडर से अपने गांव की बिजली हटाए जाने की मांग की इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओवरलोड की वजह से कुठौंदा बुजुर्ग की लाइट को बाबई फीडर से जोड़ा गया है आंधी आने की वजह से कुछ समस्या आई है लेकिन आगे सुचारु ढंग से बिजली उपलब्ध हो जाएगी।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2364795 वर्ष 2018 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2235006 वर्ष 2020 है। जिसकी मूल प्रति वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **तृषा सिंह पुत्री सुरेश सिंह निवासी ग्राम चिरैया भिटौरा,तहसील व थाना मनकापुर जनपद गोण्डा –271302**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई की निवासी हूँ मेरी जीवन बीमा पालिसी नं0 224434957 व 224434958 पर सुमन पत्नी रमेश दर्ज है तथा आधार कार्ड पर अंजली कश्यप दर्ज है मै हमेशा से अंजली कश्यप व सुमन दोनों नामों से जानी व पहचानी जा रही हूँ मुझे अंजली कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाए I– **अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई।**



आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः– किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

आयोजन | मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष जानकीशरण पांडेय रहे मौजूद

# नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।



शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार



मृतक के परिजन को चैक सौंपते अध्यक्ष भूपेंद्र लिटौरिया।

बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जानकीशरण पांडेय पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अधिवक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराने का कार्य करेंगे और अधिवक्ता हित में जो संभव होगा वह प्रयास करेंगे। उन्होंने एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार लिटौरिया, सचिव व कोषाध्यक्ष ओमकार दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नौशाद खान, सह सचिव मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामबाबू व विजय कृष्ण सक्सेना, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मुलायम सिंह यादव व हर्षित राय को शपथ ग्रहण कराई। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष व एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद निरंजन, कोंच बार संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन, माधौगढ़ बार संघ अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संतोष कुमार यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर योगेशचंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, उमेश दीक्षित, राकेश भदौरिया, प्रमोद पाल,राघवेंद्र चतुर्वेदी, जंगबहादुर सिंह, मिथलेश ओझा, अजय पटसारिया, रमेशचंद्र जाटव, उमर सिद्दीकी, फानिस खान, बादाम सिंह यादव, कमल कुशवाहा, राज लिटौरिया, इनायत, देवेश मिश्रा, बृजमोहन कुशवाहा, प्रदीप सक्सेना, केके चतुर्वेदी, जेडी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र लिटौरिया व सचिव ओमकार दीक्षित ने मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में स्थानीय अधिवक्ताओं के लिए तहसील स्तर पर पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए और मतदान का अधिकार दिया जाए। उन्होंने अपर सिविल जज न्यायालय के रिक्त पद पर न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति कराने एवं बार संघ व अधिवक्ता चेंबर के लिए जगह स्वीकृत कराने की मांग की।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दिवंगत अधिवक्ता आशनारायन तिवारी, सहायक मुंशी राधारमण त्रिपाठी और श्यामसुंदर के परिजनों को द्वारिका ग्रुप के संचालक विनय कुमार माहेश्वरी ने प्रत्येक परिवार को 5100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। जिसकी उपस्थित सभी जनों ने सराहना की। वहीं, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नौशाद खान द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## एक नजर

### 55 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 14 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**बिन्दकी।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी अच्छेलाल का पुत्र आनंद और उसी बाइक में सवार धर्मेंद्र का पुत्र अनुराग सिंह बिन्दकी आ रहे थे। तभी बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के मंडराव नहर पुल के सामने से रही दूसरी बाइक सवार की आमने सामने की जोरदार की टक्कर हो गयी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

### युवती को सर्प ने डसा

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव निवासी राजेश रैदास की पुत्री रंजना देवी भोर पहर खेतों में काम करने जा रही थी तभी रास्ते में उसे एक सर्प ने डस लिया। परिजनों उसे सीएचसी ले गए, जहां उपचार किया गया।

# उमड़ते-घुमड़ते रहे बादल, नहीं हुई बारिश

## उमस भरी गर्मी ने लोगों को किया बेहाल, दोपहर बाद निकली तेज धूप ने भी बढ़ाई परेशानी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी का दौर जारी है। रविवार को बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे, जिससे लोगों को बारिश होने की उम्मीद रही। लेकिन बारिश की एक बूंद भी जमीन पर नहीं गिरी, जिससे लोग निराश हुए। वहीं दोपहर बाद चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों की कड़ी परीक्षा ली।

गर्मी से दिन और रात दोनों परेशानी में बीत रहे हैं। रविवार को मौसम के लिहाज से कुछ आरामदायक रहा। सुबह जब लोग उठे तो आसमान में कुछ बादल नजर आए। सुबह से दोपहर का वक्त आते-आते आसमान में बादलों का झमघट लग गया। हवाओं ने भी तेजी पकड़ी। लोगों को अहसास हुआ कि बारिश हो जाएगी पर दोपहर तक छाए बादल दोपहर बाद में अचानक से गायब हो गए, जिससे उमस का दंश झेल रहे लोगों को बारिश न होने से निराशा हाथ लगी। पूरे जून के महीने तेज धूप और लू के थपेड़े सहने वाले लोगों को बेसब्री से बारिश का इन्तजार है, मौसम अच्छा हो सके। मौसम विभाग की माने तो 24 जून को बारिश की उम्मीद हैं।



बोतल में पानी भरने के लिए इंतजार करते बच्चे। अमृत विचार

### तापमान में आई गिरावट

तापमान में फिर आई गिरावट रविवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। न्यूनतम तापमान में गिरावट न आने से लोग रात के वक्त उमस से परेशान हैं।

### सुबह बाजार में दिखी रौनक

रविवार को आसमान में सुबह छाए बादलों की वजह से गर्मी की कम रही। बाजारों में भी रौनक दिखाई पड़ती रही। दिन भर सन्नाटे में बैठे रहने वाले दुकानदार भी ग्राहकों की आमद के बाद कुछ राहत पातें नजर आए। इस वर्ष माह जून में पड़ी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने हर किसी के पसीने छुड़ा दिए। सीएचसी और प्राइवेट अस्पतालों में पेट की समस्याओं से जुड़े मरीजों की तादाद बहुत बढ़-चढ़कर सामने आई। अब गर्मी से तंग आ चुके लोग बारिश का बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर बाजार में आम ने दस्तक दे दी है। बागबान अपनी फसलों को तोड़कर बाजार पहुंचाने लगे हैं।

### जून में गर्मी ने किया खूब परेशान

जून के महीने में इस साल गर्मी में खूब परेशान किया आमतौर पर जून के दूसरे हफ्ते से बरसात होने लगती थी लेकिन इस बार जून के 23 दिन बीत जाने के बाद भी बारिश का आता पता नहीं है। इस बीच गर्मी ने खूब परेशान किया है इस बार जून के महीने में ज्यादातर दिनों में तापमान 45 और 46 डिग्री रहा। इससे पहले 26 मई से नौतपा शुरू होने के चलते तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई थी और करीब एक महीने तक गर्मी ने खूब झुलसाया है।

### बिजली भी ले रही परीक्षा

भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली ने भी लोगों के धैर्य की खूब परीक्षा ली और खूब परेशान भी किया। भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग के चलते बार-बार फाल्ट होते रही जिससे बत्ती गुल होती रही। ऐसे में लोग गर्मी में दोपहर में और रात में परेशान होते रहे। हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी भी 45 और 46 डिग्री के तापमान में मरम्मत के कार्य में जुटे रहे। अब ऐसा लग रहा है कि भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

## सार-संक्षेप



रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त करते निशांत शुक्ला। अमृत विचार

### जन्मदिन पर पुलिस जवान ने किया रक्तदान

**फतेहपुर।** जन्मदिन के अवसर में निशांत शुक्ला जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रयागराज में कार्यरत और सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य है। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर देर शाम ड्यूटी कर लौटे निशांत शुक्ला ने रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की और तुरंत श्याम रक्तकेन्द्र में पहुंचकर अपना 12वां स्वेच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करते समय युवाओ को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। अगर हमें या किसी आस-पास के लोगों को रक्त की अवश्यकता पड़ती है तो हम सब को रक्तदान के लिए तैयार रहना चहिये और आगे आके मदद करनी चहिये। मदद के लिए शुरुआत हमें ही करनी पड़ेगी। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व रक्तकेन्द्र से प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### 4 लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** थाना क्षेत्र के अभयपुर के मजरे जाड़े का पुरवा निवासी बैजनाथ पुत्र सौनी ने परिवार के दिनेश व भोला पुत्र सौनी ओर नन्दू व परमानन्द पुत्रगण भोला के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त लोगों ने शिकायत कर्ता तथा उसकी पत्नी लक्ष्मी व लड़की मालती के साथ अकारण गाली गलौज तथा मारपीट की है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

# नहर की पटरी से हुआ मिट्टी का अवैध खनन

संवाददाता औंग

- रात को पुलिस करती रही गश्त नहीं लगी भनक
- लोगों ने सभी पर मिलीभगत का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** लेखपाल, सींचपाल और गश्त करती पुलिस शनिवार की रात सोती रह गई और सरकारी जमीन से माफियाओं ने शनिवार की रात खनन कर लिया। सुबह हुई जानकारी पर लोगों ने सभी की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी स्थित रामगंगा नहर की दाईं पटरी से शनिवार रात भारी मात्रा में अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो गया और जिम्मेदार लोग सोते रह गए। लोगों ने कल्यानपुर पुलिस बीट पर फिर सवाल उठाए हैं कि रात में नाक के नीचे से माफिया गैंग नहर विभाग की मिट्टी को खनन करके ले गया और मुरादीपुर चौराहे पर बीट के सिपाही गश्त करते रहे। ग्रामीणों ने बताया है कि रात भर जेसीबी और ट्रैक्टर चलते रहे और जिम्मेदार बेखबर रहे। अब नहर विभाग के अधिकारी भी जान बूझकर अनजान बने हुए हैं। सूत्रों की मानें तो यह अवैध खनन किसी साधारण व्यक्ति का खेल नहीं है।

चूंकि राजकीय विभाग (नहर) की पटरी से मिट्टी का खनन हुआ है और सरकारी भूमि की सुरक्षा का प्रथम दायित्व राजस्व विभाग का है। जिसके लिए सरकार ने प्रत्येक गांव में लेखपाल तैनात किए हैं, लेकिन लेखपाल, नहर विभाग के सींचपाल और रात में गश्त कर रही पुलिस की संदिग्ध भूमिका से अपने आप लोगों की समझ में आ गया है कि यह खनन माफिया बहुत ही पावरफुल है।


रामगंगा नहर की पटरी से किया गया खनन। अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला समेत दो घायल

संवाददाता फतेहपुर

- राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा में तेज रफ्तार डंपर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गया। इसमें चालक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए एम्बुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

राधा नगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर पुलिस चौकी के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास एक डंपर चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा पर सवार महिला और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मलवां थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी स्वर्गीय सजन की पत्नी देवराती ई-रिक्शा से रामस्वरूप द्विवेदी के घर से शहर आ रही थी। उनका ई रिक्शा राधा नगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी के पास पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। तभी पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से ई रिक्शा चालक उत्तम द्विवेदी और देवराती दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। समय रहते मौके पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस कर्मचारी शेखर द्विवेदी ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है।

# चाकूबाजी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के रारी गांव में 25 मई को चुनावी चर्चा के दौरान विवाद हो गया था। गांव में हुए दो पक्षों के विवाद में तीन लोग घायल हो गए थे। इसमें शनिवार की रात को हमले में गम्भीर रूप से घायल अमरजीत ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव में 25 मई को एक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षो में चुनावी चर्चा को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया था कि उपद्रवियों ने लाठी और चाकूबाजी से हमले करना शुरू कर दिया। जिसमें अमरजीत गौतम और शुभम तिवारी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें अमरजीत की हालत गम्भीर होने पर उन्हें मध्यप्रदेश के ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में उनको रेफर कर दिया गया था। जहां करीब एक माह तक इलाज चलने के बाद अमरजीत ने दम तोड़ दिया। दिवंगत के भाई राजेंद्र सिंह ने उनकी मौत की सूचना रारी गांव में परिजनों को दी। मौत की खबर सुनते ही पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बता दें कि चुनाव खत्म होने के बाद रारी गांव में एक कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान ही दो पक्षों के बीच हारजीत को लेकर विवाद हुआ था।

# एसडीएम बोले, व्यक्तिगत लाभ के लिए वायरल किया वीडियो

संवाददाता फतेहपुर

- एसडीएम खागा ने जांच के बाद दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार।** हथगाम थाना क्षेत्र के कुड़ा करनई निवासी वेद प्रकाश पुत्र राजाराम द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया गया है। वीडियो में कहा गया है कि उप जिलाधिकारी खागा द्वारा उनके पिता द्वारा शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। उसकी जांच की गयी है। उप जिलाधिकारी खागा द्वारा इनके प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच न करके बल्कि इनके मकान को गिराने की बात कही गयी है। जिससे क्षुब्ध होकर वह आत्महत्या कर लेंगे। यह बात उप जिलाधिकारी खागा अतुल कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताई है।

कहा कि प्रकरण का निस्तारण ग्रामवासियों की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया था। बताया कि मेरे द्वारा राजाराम पुत्र मोतीलाल के मकान जो कि गाटा संख्या 108 में निर्मित है, उसको गिराने के सम्बन्ध में कोई बात नहीं की गयी थी। फिर भी इनके द्वारा इनका मकान गिराने एवं आत्महत्या की धमकी देने एवं अपने निजी एवं गलत स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों पर अनावश्यक दवाव बनाने एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास है। जो कि आपत्तिजनक है। जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने वाले वेदप्रकाश पुत्र राजाराम निवासी कुडा करनई के खिलाफ ममला दर्ज किया जा रहा है।

# मुखर्जी को याद कर अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहित सभी मंडलों व बूथों पर पार्टी के प्रमुख कार्यक्रमों में एक बलिदान दिवस को पार्टीजनों द्वारा बड़े ही आस्था भाव से मनाया गया। जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

जिलाध्यक्ष पाल द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा अखंड भारत की परिकल्पना की सिद्धि को सदैव ही संघर्ष किया गया। एक देश एक विधान, एक निशान को लेकर वह अन्तिम सांसों तक संघर्ष करते रहे। हम सभी श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव उनके बताए मार्ग पर चलते हुए याद करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं असोथर मंडल में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किये गये और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण भी त्यागने पड़े। इस मौके पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष गौरव गौतम, महामंत्री राघवेन्द्र सिंह, निर्मल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व कार्यकर्ता।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## अव्यवस्था

### मनमानी पर शिकंजा कसने से पंचायतें नहीं करा पा रहीं रीबोर

# 'ठूंठ' हो गए हैंडपंप, पानी के लिए हाहाकार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक पेयजल संकट से लोग जूझ रहे है। ग्रामीण अंचलों में भूगर्भ जलस्तर नीचे खिसकने से हैंडपंपों ने जवाब दे दिया है। ग्राम पंचायतें मरम्मत के साथ ही हैंडपंपों का रीबोर भी अपेक्षाकृत नहीं करा पा रही हैं।

जनपद में पिछले एक माह से गंदे पानी की आपूर्ति किए जाने की शिकायतें कई स्थानों से हैं। बात करें धाता ब्लाक की तो यहां के गांवों की स्थिति दयनीय है। ब्लाक के ओरहा ग्राम पंचायक के मजरे शाह नगर में इन दिनों पीने के पानी को लेकर संकट गहराया हुआ है। यहां के हैंडपंप ठूंठ बने खड़े हैं। कई हैंडपंप रिबोर की राह ताक रहे हैं तो कई के हैंडल तक खुल गए और मवेशी बांधने के खूंटे बन कर रह गए हैं हैंडपंप। इसी तरह ब्लाक क्षेत्र के नसीरपुर, डढ़िया और मनमई गांव एक ही ग्राम सभा में आते हैं। इन तीनों गांवों को मिला कर एक भी तालाब नहीं है। जहां पानी उपलब्ध हो और मवेशियों के लिए राहत मिल सके। ग्रामीण नदी से पानी ढो रहे हैं और मवेशियों को पिला रहे हैं।


धाता ब्लाक के शाह नगर में खूंटा बना हैंडपंप।

### गंभीर समस्या है


गांव की समस्याओं को सुनना वाला कोई नहीं हैं। तालाब तो सिर्फ कागज में बना हैं। लोगों को पशुओं के लिए पानी नहीं मिल रहा है। प्रधान भी समस्या की सुनवाई नहीं करते।

-रामसुमेर, नसीरपुर


गर्मियों में पानी किल्लत से झूझना पड़ता हैं। यहा सबसे बड़ी समस्या पशुओं के लिए हैं। सरकार तो तालाबों के सुंदरीकरण के लिए अरबों रुपये खर्च करती हैं पर हमारा गांव इससे अछूता है।

-धर्मनारायण, नसीरपुर

### 1.5 हजार हैंडपंप मरम्मत योग्य

- ग्रामीण अंचलों में मौजूदा समय पर करीब डेढ़ हजार हैंडपंप सामान्य मरम्मत योग्य बताए जा रहे है। इसके अलावा करीब 350 हैंडपंपों का रीबोर होना है। जिसमें अब तक 140 रीबोर ही हो पाए है। हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर में बरती जाने वाली मनमानी को रोकने के लिए शिकंजा कसा था लेकिन फर्क कुछ भी नहीं पड़ा।


### शहरी इलाकों में बढ़ी आरओ के पानी की मांग

- पेयजल किल्लत के साथ ही शहर में गंदे आपूर्ति की वजह से अब आरओ के पानी की डिमांड बढ़ गई है। ज्यादातर लोग घरों में पीने के लिए अलग से पानी की केन मंगवा रहे है। मुख्यालय में करीब दो दर्जन आरओ प्लांट संचालित है। जिनकी भीषण गर्मी में अच्छी सप्लाई हो रही है। दिन भर घर-घर सप्लाई के लिए गाड़ियां दौड़ती नजर आती है। साथ ही कस्बों में भी लोग मजबूरीवश आरओ का पानी खरीद रहे है।

# सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

**फतेहपुर।** सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों कार सवार लोगों में मारपीट शुरू हो गई। बीच बचाव करने आई एक युवती को भी युवकों ने पीट दिया। बाद में इसका वीडियो वायरल हो गया। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी तहसील के पास का है। ऐसे किसी वीडियो की पुष्टी अमृत विचार नहीं करता।

शनिवार रात को करीब साढ़े 11 बजे के आसपास एक होटल के पास कार खड़ी करने को लेकर दोनों कार सवार के बीच विवाद शुरू हो गया। एक कार चालक ने शराब के नशे में गाली गलौज देने शुरू किया तो दूसरे कार सवार लोगों ने मारपीट शुरू दी। नशेबाज युवक के साथ आयी युवती ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

प्रवेश प्रारंभ
VAMRCH

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

## एक नजर

### गोबर डालने को लेकर हुई मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बलेथा गांव निवासी रवि ने पुलिस को बताया कि वह घर के सामने स्थित तालाब के पास जानवरों का गोबर डालने गया था। तभी गांव के ही शिवबाबू, जयबाबू व अर्चना लाठी-डंडे लेकर आए और कूड़ा डालने से मना करने लगे। कारण पूछने पर उक्त लोग मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित और उसका भाई सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल करा कर जांच की जा रही है।

### जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**रूरा।** कस्बा रूरा के स्टेशन रोड के पास जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे दोनों तरफ के चार लोग घायल हो गए। रूरा स्टेशन वार्ड निवासी जितेंद्र सिंह आटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि उनका भाई से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी बात की खुन्नस लेकर जब वह स्टेशन रोड पर सवारी भर रहे थे। तभी केशव सिंह व कृष्णा सिंह ने हमला बोल दिया। जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं और आटो क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के केशव सिंह ने बताया कि वह स्टेशन रोड से अपने घर जा रहे थे। तभी जितेंद्र सिंह ने उन पर आटो चढ़ाने की कोशिश की।

### सेवा सदन में पानी की किल्लत

**कानपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी समिति संगठन ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सदन में पानी की किल्लत दूर कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री दिलीप सिंह बागी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. रियाज ने बताया कि सदन में लगा हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा है।


जोरदार बारिश से राजपुर पीएचसी में जलभराव। अमृत विचार


बारिश से राजपुर ब्लाक परिसर में भरा पानी। अमृत विचार


राजपुर के कन्हैया नगर की गली में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

# झमाझम बारिश से राजपुर में हुआ जलभराव

## कई साल से शिकायत करने के बाद भी जलभराव की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बूंदाबांदी के साथ ही रविवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। इससे मौसम खुशगवार रहा। वहीं राजपुर क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में जलभराव से लोगों को परेशान होना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों ने इस सप्ताह आसमान में बदली छाए रहने और बारिश की संभावना जताई है।


बारिश के बाद शिवपुरी किशरवल में नाले की सफाई करते ग्रामीण। अमृत विचार

पिछले सप्ताह से मौसम में बदलाव का क्रम जारी है। आसमान में बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा है। शनिवार को बारिश हुई थी। रविवार को बदली छाई रही। कभी धूप निकल आती तो कभी बादल में सूरज छिप जाता। दोपहर 12 बजे सूर्यदेव की तपिश इतनी तेज थी कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। करीब एक बजे के आसपास आसमान में बादल छा गए और फिर अकबरपुर समेत कई जगहों पर बूंदाबांदी के बाद हल्की बारिश हुई जबकि सुबह से ही राजपुर क्षेत्र में आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही बूंदाबांदी होती रही, लेकिन दोपहर के बाद करीब एक बजे अचानक तेज बारिश हुई। लगभग दो घंटे तक हुई जोरदार बारिश से राजपुर पीएचसी, ब्लॉक कार्यालय समेत कई जगहों पर जलभराव हो गया। इसके अलावा मुखर्जी नगर, अशोक नगर व कन्हैया नगर की गलियों में पानी भर गया। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। नगर पंचायत के पटेल नगर में नालियों की सफाई नहीं होने से बारिश में नालियों का गंदा पानी सड़क पर भर गया। कन्हैया नगर के जावेद, शाहरुख, पवन, सुमित, सौरभ ने बताया कि जलनिकासी का प्रबंध नहीं होने से दो वर्षा से नगर में जलभराव की समस्या है। बारिश में पूरी गली जलमग्न हो जाती है। नगर पंचायत के अफसरों से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। इस बावत नगर पंचायत की ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि जलनिकासी का प्रबंध कराया जा रहा है। वहीं रविवार को अधिकतम 39.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

### बारिश से उफनाए नाले, लोगों ने खुद की सफाई

**रनियां।** नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार देर शाम बारिश होने से लोगों को गर्मी से निजात तो मिली, लेकिन जल भराव की समस्या को लेकर उन्हें स्वयं फावड़ा लेकर नालियां साफ करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लोगों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले नालों की सफाई कराई जाती है, लेकिन नगर पंचायत के कई मोहल्लों में अभी तक नाले गंदगी से पटे पड़े हैं। इसके कारण पहली बरसात पर ही नाले-नालियां उफना गए और सड़कों पर पानी भर गया। ऐसे में शिवपुरी किशरवल के लोग अपनी-अपनी गलियों में फावड़ा लेकर नालियों की सफाई करते देखे गए।

### अगैती खेती करने वालों को मिलेगी राहत

अगर एक-दो दिनों में औसत बारिश होती है तो जहां नगरीय क्षेत्रों को भीषण गर्मी से कुछ निजात मिलेगी। वहीं अगेती खेती करने वाले किसानों को भी राहत मिलेगी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता बताते हैं कि बारिश से अगर मिट्टी नम हुई तो खरीफ की अगेती खेती करने वाले अपनी तैयारी शुरू कर सकेंगे। सब्जियों की खेती करने वालों को भी इस बारिश से अच्छा लाभ होगा।

### अकबरपुर में बिजली की आंख मिचौली जारी

आंधी के साथ पिछले तीन दिनों से हो रही बूंदाबांदी के चलते जिले की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कई जगहों पर विद्युत तारों पर पेड़ टूटकर गिरने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। वहीं कई जगहों पर जर्जर तारों के कारण ट्रिपिंग होती रहती है। रविवार को अकबरपुर में बिजली की आंख-मिचौली पूरा दिन चलती रही। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।


आंधी-बारिश से टूटकर सड़क पर गिरे पेड़ हटवाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### आंधी-बारिश से पेड़ व विद्युत पोल टूटे

**संदलपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के कुढ़ावल व अगवासी रोड पर रविवार की दोपहर में अचानक आई आंधी व बारिश से कई पेड़ गिर गए। जिसकी चपेट में आकर विद्युत पोल समेत कई अन्य छोटे पेड़ भी गिर गए। बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े राहगीरों में भगदड़ मच गई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। विद्युत पोल टूटने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

# मसाला फैक्ट्री में आग लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बुझाई आग, पुलिस ने की जांच

**अमृत विचार।** बाढ़ापुर में मसाला कारखाने में देर रात संदिग्ध हालात में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उपकरण, पैकिंग मैटेरियल व कच्चा माल समेत करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

अकबरपुर नगर पंचायत के वार्ड दीनदयाल नगर बाढ़ापुर निवासी सतेंद्र कुमार के घर के सामने भारत फूड एग्रो इंडस्ट्रीज नाम से मसाला पैकिंग कारखाना है। रोज की तरह सतेंद्र शनिवार देर शाम कारखाना बंद कर घर चले गए। देर रात संदिग्ध हालात में कारखाने से आग की लपटें व धुआं निकलने लगा। जिस पर उन्हें जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और सूचना दमकल को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वहां लगे उपकरण व सामान जल गया। संचालक सतेंद्र ने बताया कि कारखाने में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंकी है।


कारखाने में जलता सामान। अमृत विचार

# मुखर्जी ने किया था कश्मीर के लिए संघर्ष

संवाददाता, राजपुर

- बलिदान दिवस के रूप में भाजपाइयों ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**अमृत विचार।** कस्बे के शिवधाम वाटिका में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मे मनाई गई। भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश हित में उनके द्वारा अनेक कार्य किए गए। जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम सभी को उनके जीवन कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत मुखर्जी ने ही की थी। वह देश के सच्चे सपूत थे। वहीं संगठन के मंडल प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उनमें देश की समस्याओं से जूझने की असीम इच्छा शक्ति थी, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में खुद को समर्पित किया। डॉ. मुखर्जी कभी किसी पद के मोहताज नहीं रहे। बल्कि देश सेवा ही उनका परम लक्ष्य था। उन्होंने पूरी दृढ़ता के साथ कहा था कि भारत के तिरंगे का सम्मान होना चाहिए और एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।

इस मौके पर देवेंद्र सिंह चंदेल, दिलीप सिंह, विनोद द्विवेदी, कपिल सिंह, बृजेश गुप्ता, फरहान खां, मंजीत मिश्रा, सोनू गुप्ता, अमित द्विवेदी, पवन शुक्ला, रामबली सिंह, मुख्तार खान, नागेंद्र दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


राजपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाते दिनेश मिश्रा, मनोज पांडेय।

# मुगल रोड पर दो ट्रकों से 53 गोवंश बरामद किए गए

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के अकबराबाद के पास मुगल रोड में चेकिंग के दौरान रविवार की भोर पुलिस ने दो ट्रकों से 53 गोवंश बरामद किए। पुलिस को देखकर मौके से चालक फरार हो गए। ट्रकों को कब्जे में लेकर पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मूसानगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि रविवार की भोर मुगल रोड पर अकबराबाद के पास चेंकिग के दौरान भोगनीपुर की ओर से आ रहे दो ट्रकों के चालक परिचालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। पास से जाकर देखा तो दोनों ट्रकों में 53 गोवंश लदे हुए थे। ट्रकों से उतारते ही 41 गोवंश जंगलों की तरफ भाग गए। शेष बचे 12 गोवंशों को पास की गौशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रकों के नंबरों के आधार पर गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप


डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

### पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को किया याद

**कानपुर देहात।** रविवार को बूथ संख्या 201 व 202 चिराना रनियां मंडल, बूथ संख्या 203 से 210 तक रनियां एवं पूरे मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। रनिया मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, मंडल संयोजक प्रमेश मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, शीलू मिश्रा, रिशु पांडेय, हर्ष त्रिवेदी, शिवा, रामसागर, शिवसागर, राम लखन, शैलेश, नीतू पांडेय एवं सभी बूथ अध्यक्षों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. मुखर्जी के बलिदान पर लोगों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की।


पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देते अभियोजन अधिकारी। अमृत विचार

### अभियोजन अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को एक जुलाई से लागू किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बीट मुख्य आरक्षी, आरक्षी आदि पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। जिले में उपलब्ध पुलिस बल की संख्या के अनुरूप अलग-अलग बैच बनाकर चरणवार तिथि तय कर 30 जून तक संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में कार्यरत ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी प्रशिक्षण देंगे। रविवार को ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अविनाश चंद्र चतुर्वेदी, संजय शुक्ला एवं सहायक अभियोजन अधिकारी मो. इमरान ने सभी थानों व अन्य शाखओं में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।


प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करते पुलिसकर्मी व सदस्य। अमृत विचार

### सुलह- समझौते से निपटे 3 मामले

**कानपुर देहात।** रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए 27 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, एसआई प्रतिभा बाजपेई, पुलिसकर्मी राममूर्ति, आरती, रामा देवी, शालू, जानकी देवी, काजोल, रागिनी, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश व जियाउल हक मौजूद रहे।

### किसान के घर से 7 बकरा-बकरी चोरी

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के गांव क्योंटरा बांगर के एक किसान के घर से सात बकरा-बकरी चोर पार कर ले गए। पुलिस ने छानबीन शुरू की है। रविवार को क्योंटरा बांगर के किसान बाबूलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की देर शाम रोजमर्रा की तरह घर के आंगन में बने छप्पर के नीचे बकरा, बकरी सहित अन्य मवेशी खूंटे से बंधे थे। रविवार सुबह पांच बकरे व दो बकरियां गायब थीं।

# बीमारी से परेशान वृद्ध ने लगाई फांसी

संवाददाता पुखरायां

- पुलिस ने मौके पर की छानबीन फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** बरौर की मड़ैया गांव निवासी एक वृद्ध ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।


मोहनलाल।

बरौर थाना क्षेत्र के बरौर की मड़ैया गांव निवासी नरेश ने बताया कि उसके पिता मोहनलाल (65) के शरीर के कुछ हिस्से में फालिस मार गई थी। जिसका उपचार चल रहा था। पिता इसी बात से आए दिन परेशान रहते थे। रविवार को उन्होंने गांव के बाहर लगे आम के पेड़ में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से निकल रहे राहगीरों ने जानकारी मृतक के परिजनों को दी। इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बरौर थाना के उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने जांच-पड़ताल करते हुए घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस का कहना है मामले की गहन जांच की जा रही है।

# बाइक फिसलने से महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल

**मंगलपुर।** जनपद इटावा के रहने वाले सुरेंद्र की पत्नी रेखा अपने करीबी के संग बाइक द्वारा रूरा क्षेत्र के भंवरपुर आई थी। रविवार को वापस बाइक से मंगलपुर-सिकंदरा मार्ग से इटावा जा रही थी। इसी दौरान बारिश होने लगी। जिससे मार्ग गीला हो गया और उनकी बाइक फिसल गई। जिससे रेखा गिर कर गंभीर घायल हो गई।

# विद्यालयों में अब बच्चों को मिलेगी नई पहचान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कक्षा एक से बारहवीं तक के स्कूलों का ब्योरा यू-डायस पोर्टल पर होगा ऑनलाइन

**अमृत विचार।** परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का अब एक पर्सनल एजुकेशन नंबर जारी किया जाएगा। इस पर्सनल एजुकेशन नंबर से बच्चे का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। इसके अलावा इस नंबर के आधार पर ही बच्चे को सरकारी सुविधा मिल सकेगी। यह नंबर विद्यालय के यू डायस कोड के माध्यम से मिलेगा।

अब अपने बच्चे का प्रवेश कराने से पहले स्कूल के यू डायस नंबर की जानकारी कर लें। उसके बाद ही किसी भी विद्यालय में प्रवेश कराएं। इसकी अनदेखी न करें। यदि ऐसा किया तो आपके बच्चे का भविष्य बर्बाद हो सकता है।

इसके पहले सभी बच्चों का रिकॉर्ड अभी तक रजिस्टरों में रखा जाता था, लेकिन अब कक्षा एक से बारहवीं तक के स्कूलों का ब्योरा यू-डायस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा, जो बच्चा जिस स्कूल में दाखिला लेगा। उसी स्कूल से उसको पर्सनल एजूकेशन नंबर दिया जाएगा। उसी नंबर के आधार पर उसको दूसरे स्कूल में दाखिला मिलेगा। अन्यथा पर्सनल एजुकेशन नंबर नहीं मिलने पर बच्चे का दाखिला फर्जी माना जाएगा।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि यू डायस नंबर भारत सरकार द्वारा जिले में सरकारी स्कूल और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को दिया जाता है। अब दाखिला कराते समय बच्चों को विद्यालय द्वारा परमानेंट एनरॉलमेंट नंबर (पेन) दिया जाएगा। बच्चा अगर किसी दूसरे स्कूल में भी ट्रांसफर होता है तो इस पेन नंबर के जरिए बच्चे की पूरी डिटेल देश में कहीं भी शिफ्ट हो जाएगी।

इसका उद्देश्य यह है कि अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए उचित स्कूल का चयन करने में कठिनाई न हो। शासन की की ओर से इस पोर्टल को मुख्य रूप से स्कूलों के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही इस नंबर के जरिए माता-पिता पोर्टल का उपयोग करके अपने बच्चों के डेटा को बहुत आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।

**स्वास्थ्य विभाग का हाल** | चिकित्सकों के समय से न पहुंचने व उपचार न मिलने से मरीज होते परेशान

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में जांच के नहीं इंतजाम

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री आरोग्य मेला केवल दिखावा बनता जा रहा है। यहां पर मरीजों को इलाज देने का दावा तो हो रहा है, लेकिन हकीकत तो यह है कि यहां न समय से चिकित्सक पहुंच रहे हैं और न ही चिकित्सा स्टाफ। ऐसे में यहां आने वाले रोगियों की संख्या भी कम होती जा रही है।


राजपुर पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

राजपुर क्षेत्र की सलेमपुर सीएचसी में रविवार को आरोग्य मेले में दस मरीज पहुंचे। डेंटल हाइजिनिस्ट केके भार्गव ने मरीजों को परामर्श और दवाइयां दीं। सीएचसी में एक भी मरीज की किसी प्रकार की जांच की गई। डेंटल हाइजिनिस्ट ने बताया कि खुजली, बुखार व शरीर में दर्द संबंधी दस मरीज आए थे। इधर राजपुर पीएचसी में दोपहर दो बजे तक 25 मरीज पहुंचे। राजपुर के राजाराम को कई दिनों से बुखार और शरीर में खुजली की समस्या पर डाक्टरों ने दवाइयां दी। इसके अलावा खोजारामपुर की रंजना (17) त्वचा रोग संबंधी इलाज किया गया। करीमनगर के राकेश के पैरों में सूजन और शरीर में खुजली की समस्या पर दवा दी गई। 25 मरीजों में सर्वाधिक 15 मरीज त्वचा रोग के आए।

डाक्टर शिवकुमार ने बताया कि मेले में आए सभी मरीजों को दवा व परामर्श दिया गया है। इस दौरान तीन मरीजों की मलेरिया, दो गर्भवतियों की खून की जांच व तीन मरीजों की शुगर की जांच की गई। पीएचसी में आंख की ड्राप न होने से कई मरीजों को नहीं मिल सकी। इस दौरान डाक्टर शिवकुमार, फार्मासिस्ट भोलेंद्र सिंह, एलटी अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

**अमृत विचार** : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

# 35 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ को 4 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने इस साल के लिए भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य तय किया है। इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं इस प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान से जुड़ने वाले हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी करने के निर्देश हैं।

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

# भरण-पोषण में करोड़ों खर्च का हिसाब नहीं

## 14 जिलों ने नहीं दिया गोशालाओं में खर्च का उपभोग प्रमाण, निदेशक ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से 25 तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे**

**अमृत विचार :** प्रदेश में संचालित स्थाई व अस्थाई गोशालाओं में भरण-पोषण के लिए दी गई धनराशि का 14 जिलों ने हिसाब नहीं दिया है। कुछ जिलों ने प्रारूप में बदलाव करके उपभोग प्रमाण उपलब्ध कराए हैं। निदेशक प्रशासन पशुपालन ने ऐसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी देकर 25 जून तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

पिछले वर्ष गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करने के लिए सभी जिलों को करोड़ों रुपये बजट जारी हुआ था। फरवरी से अलग-अलग माह का हाथरस, बदायूं, बहराइच. संतकबीरनगर, अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, बलरामपुर, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, मेरठ, शामली व झांसी ने 100 फीसद खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया है। जबकि करोड़ों रुपये गोशाला संचालन व गोवंशों के भरण-पोषण में खर्च हो चुके हैं। जिसके उपभोग प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं। इस वजह से आगे का बजट रुका है। जो खर्च धनराशि का हिसाब मिलने पर ही आवंटित होगा। कुछ जिलों ने उपभोग प्रमाण पत्र के प्रारूप में बदलाव कर खर्च धनराशि दर्शाई है। यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर निदेशक प्रशासन डॉ. आरएन सिंह से सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही 25 जून तक उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

### इतनी है धनराशि

हाथरस 118 लाख, बदायूं 629 लाख, बहराइच 318 लाख, संतकबीरनगर 136 लाख, अयोध्या 282 लाख, अमेठी 339, बाराबंकी 442 लाख, बलरामपुर 163 लाख, उन्नाव 598, रायबरेली 108 लाख, सीतापुर 119 लाख, मेरठ 100 लाख, शामली 158 लाख, हमीरपुर 264 लाख।

# मानसून ने दी दस्तक, आज से तेज बारिश के आसार

## प्री-मानसून से शनिवार को कई जिलों में हल्की बारिश ने दी राहत, 25 जून से पूरे प्रदेश में होगी झमाझम

कार्यालय संवाददता, लखनऊ



लखनऊ के 1090 चौराहे पर तेज धूप से बचाव के लिए छाते का सहारा लेतीं महिलाएं।

**अमृत विचार:** प्रदेश में प्री-मानसून से शनिवार से रविवार के बीच कई जिलों में बरसात हुई। मौसम विभाग ने बांदा जिले में सबसे अधिक 27.2 मिलीमीटर बरसात दर्ज की। भीषण गर्मी की मार झेल रहे बुंदेलखंड में सबसे अधिक तापमान वाले उरई में भी 15 मिमी बारिश हुई। लेकिन झांसी में फुहारे पड़कर रह गईं। यहां केवल एक मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 24 जून से मानसून के सक्रिय होने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना पर अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून के साथ न्यूनतम तापमान में खास गिरावट न होने से रात में उमस बढ़ने के आसार हैं। प्रदेश में बारिश का औसत 1.8 मिमी दर्ज हुआ ।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग को को पार करते हुए दक्षिणी सीमा (सोनभद्र) के काफी करीब पहुंच गया है। 2-3 दिन में कभी भी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। 25 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश जबकि 26 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफ़ल व तीव्रता में वृद्धि होगी। कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। लखनऊ में सोमवार को छिटपुट बारिश हो सकती है। 25 जून से वर्षा में वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

**22 जून को इन जिलों में हुई बारिश:** शनिवार सुबह 8:30 से लेकर शाम 5:00 बजे तक बस्ती में 24, गोरखपुर में 4, वाराणसी 4.1, प्रयागराज 5.8, झांसी 1, उरई 15.2, और बरेली में 2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। आगरा, कानपुर देहात, सोनभद्र, बहराइच में भी हल्की बारिश हुई। अंबेडकर नगर तड़के 3.30 बजे के करीब बारिश हुई।

**इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी:** बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा,झांसी, ललितपुर।

### लखनऊ में रात में रहेगी उमस भरी गर्मी

लखनऊ में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दिन में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। धूप निकलने पर लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 39 .8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। रात का तापमान 29 .6 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात का पारा सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

### 40-50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

अगले 24 घण्टों में पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। बारिश के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी।

### इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, अंबेडकर नगर।

### कानपुर रहा सबसे गर्म

रविवार को कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का पारा 41 .3 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 30 .7 रहा। उरई 40 .8 रहा। प्रयागराज 40 .7 और 27 डिग्री रिकार्ड किया गया। फतेहगढ़ अधिकतम 40 .4 और न्यूनतम प्रदेश में सबसे अधिक 30 .7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## सहायता प्राप्त विद्यालयों को जोड़ेंगे ऑनलाइन प्लेटफार्म से

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में जल्द ही अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा। समाज कल्याण विभाग ने उप्र. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां सूचीबद्ध कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल ऐप को वास्ट डाटाबेस मैनेजमेंट के लिहाज से विकसित किया जा रहा है और इसके विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा।

## महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ हुए निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एसीपी एत्मादपुर को दी गई मामले की जांच, पुलिस महकमे में खूब चर्चा**

**अमृत विचारः** आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। साथ ही सर्किल के एसीपी को मामले की जांच सौंप दी है। यह घटना से पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बनी हुई है।


प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। शिकायत में यह भी लिखा कि होली के दिन कार्यालय में जबरन बैठाकर रखा, गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकाया, मेरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने को भी कहा। नई नौकरी है छुड़वाने की भी धमकी दी। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी के लिए मना कर दो,वह उससे शादी करेंगे। उसकी जाति(अनुसूचित)को लेकर भी उल्टा-सीधा बोलते हैं। महिला दारोगा ने प्रार्थना पत्र पर उचित दंडात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उधर, शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त ने एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा से मामले की जांच कराई तो प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी।

## कस्टम अधिकारी बन सोना लूटने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** फर्जी कस्टम अधिकारी बन सोना व्यापारी के सहायक से ढाई किग्रा सोना लूटने वाले आरोपियों को गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना शाहगंज में सोना व्यापारी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका कर्मचारी 2.5 किलोग्राम सोना लेकर बनवाने के लिए कोलकाता गया और वहां काम नहीं हुआ तो ट्रेन से वापस आ रहा था। तभी आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर दो लोग उसकी सीट पर आ गए और खुद को कस्टम और पुलिस अधिकारी बताते हुए सोना को गैरकानूनी बताते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया।

जयपुर के पटेल नगर निवासी मनीष सोनी की मंशा ज्वैलर्स के नाम से फर्म है। मनीष ने मार्च 2024 में शाहगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मनीष का कहना था कि जनवरी 2024 में उनका कर्मचारी प्रदीप सिंह निवासी सवाई माधोपुर सोने के जेवरात लेकर कोलकाता गया था। डील न होने पर वह जेवरात लेकर सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस से जयपुर लौट रहा था। कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही दो व्यक्ति ट्रेन में चढ़े। खुद को कस्टम अधिकारी बताया। प्रदीप को चेकिंग के नाम पर ट्रेन से उतार लिया। तथा रेलवे ट्रैक पर ले जाते हुए जेवरात से भरा बैग, मोबाइल और नगदी छीन ली थी।

# मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूराः योगी



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी।



स्मृति पार्क में निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊः

▸▸ **मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर चढ़ाए फूल**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

### डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बहराइच में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि, डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अकल्पनीय कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग और विचारो को आत्मसात करते हुए कार्य करें।

### वर्ग पहेली-110

**बाएं से दाएं**

1. 1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।

4. 1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।

6. दे. इनाम।

7. 1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।

2. 1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।

3. 1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।

4. प्रकाशित करना, रोशन करना।

5. 1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



### वर्ग पहेली -109 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 वि | दे | श |
| 2 अ | ■ | 3 ज़िं | ■ | ■ | ■ |
| नि | ■ | 4 दा | दू | पं | थी |
| बं | ■ | दि | ■ | ■ | ■ |
| 5 ध | 6 व | ली | ■ | 7 टु | ■ |
| ■ | ज | ■ | 8 चाँ | क | ना |
| 9 पी | ह | री | ■ | ड़ा | ■ |

### सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | 1 | 6 | | 4 | |
| | 6 | | 8 | 7 | | | | 9 |
| 8 | | 3 | | 2 | | | | 1 |
| | | | | 4 | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |
| | | 9 | | 3 | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 2 | | 7 |
| 6 | | | | 5 | 1 | | 8 | |
| | 4 | | 7 | 9 | | 1 | 6 | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15 .54 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

**वृष** – आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है,लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**सिंह** – आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है,लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

**कन्या** – आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

**तुला** – आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

**वृश्चिक** – आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

**धनु** – आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

**कुंभ** – आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

**मीन** – आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे,लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जान से प्यारा — सुबह : 11.21
- चाइना गेट — रात : 07.20

**&pictures**
- आई — सुबह : 10.45
- लव हास्टल — रात : 08.00

**Sony Pix**
- टार्जन — सुबह : 10.57
- जॉन रैंबो — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 08.53
- रावणासुर — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- बेमिसाल — सुबह : 11.35
- तनु वेड्स मनु — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

# चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी के एक और नेता

लंदन, एजेंसी

- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक बार फिर आलोचना का सामना करना पड़ा**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह




मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

**प्रकृति**



कोलकाता में गंगा नदी के तट से डूबते सूरज का मनोरम दृश्य। • एजेंसी

# यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।



- **द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## एक नजर

### अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

**ओहायो।** अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

### यूक्रेन ने रूस में 30 से अधिक ड्रोन भेजे

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस की बमबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ ही घंटों बाद शनिवार रात रूस के पश्चिमी क्षेत्रों में 30 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार बमों में से एक शनिवार दोपहर पांच मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 41 घायलों का इलाज जारी है।

### केन्या में कर वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन, दो की मौत

**नैरोबी।** केन्या में कर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। सिटीजन डिजिटल समाचार पोर्टल ने रविवार को यह जानकारी दी। स्टार अखबार ने बताया कि केन्या में एक मसौदा बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। स्टार ने बताया कि केन्या की राजधानी नैरोबी में कर वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसके कारण पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।

### मध्य चीन काउंटी में भूस्खलन, 8 लापता

**चांग्शा।** मध्य चीन के हुनान प्रांत में रविवार तड़के भूस्खलन के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूस्खलन हुआइहुआ शहर के शिन्हुआंग डोंग स्वायत्त काउंटी के डौक्सी गांव में हुआ और इसकी सूचना रविवार सुबह करीब 4 बजे काउंटी के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को दी गई। इससे चार मकान ढह गए। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सभी लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और बचाव कार्य जारी है।

# शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

## मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल,



- **3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन**

एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वर्तमान में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन में 8 देश कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान जैसे 8 देश सदस्य हैं। वहीं, अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

### 2 साल बाद पुतिन से मिलने का मौका था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 साल से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से नहीं मिल पाए हैं। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान में हुए सम्मेलन में ही हुई थी। 2023 में सम्मेलन भारत में होना था। तब भी सरकार ने शेड्यूल का हवाला देकर इसे ऑनलाइन करने का फैसला किया। वहीं भारत ने एससीओ मंच का इस्तेमाल सदस्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन को बार-बार ये याद दिलाने के लिए किया है कि ग्रुप का एक मूल उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। साथ ही यह भी कि सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें।

## लाल सागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में यह नवीनतम हमला है। यह हमला ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर को बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# नेतन्याहू ने हथियारों की आपूर्ति में कमी आने की बात दोहराई

तेल अवीव, एजेंसी

- **अमेरिका ने नेतन्याहू के दावों को कुछ दिन पहले नकार दिया था**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने दावे को दोहराते हुए मंत्रिमंडल को बताया कि गाजा में इजराइल के अभियान के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति में



नाटकीय गिरावट आई है। नेतन्याहू ने कुछ दिन पहले भी यही दावा किया था जिससे अमेरिका ने नकार दिया था।

नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल को बताया कि हथियारों की आपूर्ति चार महीने पहले हुई थी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस हथियार की आपूर्ति की गई थी। उन्होंने केवल इतना कहा कि कुछ सामग्री छिटपुट रूप से पहुंचीं, लेकिन अधिकांश हथियार वहीं रह गए। नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों से आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कई सप्ताह तक अनुरोध के बाद पिछले सप्ताह उन्हें एक वीडियो जारी करना पड़ा।

# श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

- **श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया**

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

# फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला**

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पीटीआई का पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन**
- **आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने के आरोप लगे थे**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने रविवार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल रहने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई और पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में बताया गया है कि खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) के अन्य सदस्यों के साथ राजधानी इस्लामाबाद में संसद से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के कार्यालय तक एक रैली निकाली। नेता प्रतिपक्ष और पीटीआई के नेता उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजा और निर्वाचन आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने के आरोप लगे थे। इस दौरान पार्टी के संस्थापक और क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान की रिहाई के लिए नारे भी लगाए गए।

### पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 लोग गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया। इस्माइल पंजाब प्रांत के सियालकोट का रहने वाला था। भीड़ ने मदयान पुलिस थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। इस्माइल पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी और 11 स्थानीय लोग घायल हो गए थे।

# गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

- **विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना**

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से



उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।

विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।


## बॉलीवुड हलचल

### पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

### 72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।



### एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

# ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य विमान देखे

ताइपे, एजेंसी

**चीन की दादागिरी**

- **आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे**

ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ताइवान के आसपास रविवार सुबह छह बजे तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (अपनी स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

# पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन युद्ध शुरू नहीं करेंगे : फिलीपींस

मनीला, एजेंसी

- **फिलीपींस की सेना ने चीनी सैनिकों के हमला करने के वीडियो सार्वजनिक किए थे**

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी। इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है।